शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 159 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 04 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## उप्र के हाथरस में भगदड़ का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई भगदड़ का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका में 2 जुलाई को हाथरस में हुई घटना की जांच की मांग करते हुए घटना के लिए जिम्मेदार लोगों और अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। वकील विशाल तिवारी ने दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में पांच सदस्यों की जांच कमेटी बनाने और इस मामले में उप्र सरकार से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने की मांग की गई है। याचिका में ऐसे समारोह के आयोजनों के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। दरअसल, हाथरस में भोले बाबा ऊर्फ सूरजपाल के सत्संग के दौरान 2 जुलाई को मची भगदड़ में सौ से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और 25 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इस मामले में हाथरस पुलिस ने सत्संग कार्यक्रम के मुख्य सेवादार देवप्रकाश मधुकर और अन्य आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। ये एफआईआर भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 110, 126 (2), 223 और 238 के तहत दर्ज की गई है।

## उत्तराखंड में मुसीबत बढ़ाएगी बारिश, सरकार से लेकर एनडीआरएफ तक अलर्ट

**देहरादून**

उत्तराखंड में मौसम विभाग ने अलग-अलग क्षेत्रों में 7 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मानसून की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी अधिकारियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। खासकर स्वास्थ्य विभाग को हर समय अलर्ट रहने और डॉक्टरों को एम्बुलेंस के साथ तैनात करने को कहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने 7 जुलाई तक राज्य के अधिकांश स्थानों पर तीव्र से बहुत तीव्र बारिश होने की संभावना जताई है। ऐसे में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की फोर्स अलर्ट मोड पर है। लोक निर्माण विभाग भी अवरुद्ध सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी और पोकलैंड मशीनें तैयार रखे है। मौसम विभाग के अनुसार गर्जन के साथ कहीं-कहीं अतिवृष्टि के भी आसार हैं।

# बाबा बेदाग, अफसर भी निर्दोष...सारा गुनाह आयोजकों पर

## हाथरस हादसा: सीएम ने गठित किया न्यायिक जांच आयोग, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बृजेश कुमार श्रीवास्तव होंगे अध्यक्ष

**हाथरस**

**मंगलवार** को हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में नारायण साकार हरि महाराज उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में हुई 121 लोगों की मौत के लिए फिलहाल बाबा के सेवादार, निजी सुरक्षा कर्मी और आयोजकों को जिम्मेदार ठहराया गया है। चाहे आयोजन की अनुमति देने वाले एसडीएम की रिपोर्ट हो या फिर सिकंदराराऊ थाने में दर्ज मुकदमा। इन दोनों ही रिपोर्ट में भगदड़ के लिए इन्हें ही जिम्मेदार माना जा रहा है।

वहीं, आयोजकों को इसके लिए दोषी माना गया है कि उन्होंने पूर्व के सत्संगों में जुटने वाली भीड़ की स्थिति को छिपाते हुए केवल 80000 की भीड़ इकट्ठा होने की अनुमति मांगी थी। फिलहाल शासन स्तर से अफसरों को भी क्लीन चिट दे दी गई है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब प्रशासन को पता था कि अस्सी हजार की भीड़ जुटेगी तो उस तरह से इंतजाम क्यों नहीं हुए। इन सवालों का जवाब अभी तक कोई नहीं दे पाया है।

**अभी किसी अफसर की भी जिम्मेदारी तय नहीं**

इस पूरे मामले में अभी तक किसी अधिकारी की जिम्मेदारी तय नहीं हुई है। आज मुख्यमंत्री के साथ हाथरस पहुंचे मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। भगदड़ में घायल लोगों से भी बात की। अफसरों से भी जानकारी ली लेकिन बाद में इन अफसरों ने जिम्मेदार केवल आयोजकों और बाबा के सेवादारों को ही ठहराया। इन दोनों अधिकारियों के रुख से हाथरस के अफसरों ने भी चैन की सांस ली। वहीं, अलीगढ़ की कमिश्नर चैत्रा वी ने बताया कि प्रकरण में जांच की जा रही है। कई बिंदुओं पर गहनता से परीक्षण किया जा रहा है। बुधवार की देर शाम तक शासन को रिपोर्ट भेज दी जाएगी। वहां से जो आदेश होगा, उसका पालन किया जाएगा।

**बाबा का नाम मुकदमे में क्यों नहीं... अफसरों के सामने गूंजते रहे सवाल**

सत्संग में भगदड़ मचने से हुई लोगों की मौत के मामले में दर्ज रिपोर्ट में बाबा का नाम क्यों नहीं है, यह सवाल भी मुख्यमंत्री और पुलिस अफसरों के सामने खूब गूंजे। पत्रकार अफसरों से बार-बार सवाल पूछते रहे कि क्या बाबा का नाम भी मुकदमे में शामिल किया जा रहा है। लेकिन इस पर किसी का कोई जवाब नहीं आया। बस अधिकारी बार-बार यही कहते रहे कि जांच की जाएगी, जिसकी भी जिम्मेदारी होगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिन्होंने आयोजन की अनुमति ली थी, उनके खिलाफ मुकदमा होता है। उसके बाद दायरा बढ़ता है।



## एसडीएम की रिपोर्ट में सेवादारों, बाबा के सुरक्षा कर्मियों का और आयोजकों का दोष

**उपजिलाधिकारी** सिकंदराराऊ ने ही फुलरई मुगलगढ़ी गांव में श्री नारायण साकार हरि महाराज उर्फ भोले बाबा के सत्संग को अनुमति दी थी। अब इस हादसे के बाद एसडीएम ने जिलाधिकारी आशीष कुमार को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें कहा है कि भोले बाबा दोपहर 12:30 बजे सत्संग पंडाल में पहुंचे थे। एक घंटा कार्यक्रम चला। इसके बाद लगभग 1:40 बजे भोले बाबा पंडाल से निकलकर हाईवे पर एटा की तरफ जाने के लिए आए। जिस रास्ते से भोले बाबा निकल रहे थे, उस तरफ सत्संगी महिलाएं और पुरुष उनके दर्शन व चरण स्पर्श और आशीर्वाद स्वरूप उनकी चरण रज लेकर अपने माथे पर लगाने लगे।

## कुछ सड़क पर तो कुछ खेतों में तड़प कर मर गए...

**हाथरस**

**मंगलवार** दोपहर के 12:04 का वक्त हुआ था। हाथरस के सिकंदराराव इलाके में पड़ने वाले मोगलगढ़ी के सामने से गुजरती जीटी रोड पर तकरीबन पांच-पांच किलोमीटर दोनों तरफ लंबा जाम लगा था। एक लंबी सी गाड़ी में बाबा नारायण साकार सत्संग स्थल पर पहुंचते हैं। उसके तकरीबन दो घंटे के बाद अचानक कार्यक्रम स्थल के सामने से गुजरने वाली जीटी रोड पर भीड़ का रेला सत्संग स्थल से भागना शुरू करता है। देखते ही देखते हजारों हजार लोग एक दूसरे के ऊपर गिरते रहे और चंद मिनट के भीतर जीटी रोड 'मौत के हाईवे' में तब्दील होती गई। न तो यहां पर पुलिस थी और न ही प्रशासन था। न डॉक्टर थे और न ही एंबुलेंस थी। लोग जीटी रोड से लेकर सामने बने खेतों में तड़प-तड़प कर मरते रहे।



## बाबा के सत्संग की 17 दिनों से चल रही थी तैयारी



**हाथरस**

**बाबा के** सत्संग की 17 दिनों से तैयारी चल रही थी। 2 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम में 26 जून से ही मध्य प्रदेश राजस्थान और आसपास के राज्यों की तकरीबन 500 बसें पहले ही पहुंच चुकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिकंदराराव से गुजरने वाली जीटी रोड पर जिस तरीके का मजमा लगना शुरू हुआ था उससे अंदाजा था कि यहां पर कार्यक्रम बहुत बड़ा होने वाला है। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन ने ना इसकी गंभीरता समझी और ना ही इस दिशा में कोई बेहतर प्रबंध किया। घटनास्थल पर मौजूद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने सरकार और जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सिकंदराराव के रहने वाले ओमवीर सिंह कहते हैं कि जब उनके शहर में पहले से ही इतनी बड़ी तैयारी के साथ कार्यक्रम आयोजन की भूमिका बनाई जा रही थी। तो प्रशासन को इस बात का अंदाजा क्यों नहीं हुआ कि कहीं कोई बड़ी दुर्घटना ना हो जाए। वह कहते हैं कि घटनास्थल से 3 किलोमीटर पहले ही उनका घर है। उनके घर के पास 27 जून से ही अलग-अलग राज्यों से बसों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। वह कहते हैं कि उनको अशोक बसों की गिनती का तो अंदाजा नहीं है लेकिन चार से पांच सौ बसें तो मध्य प्रदेश और राजस्थान के नंबरों की 27 जून से थी आ गई थी। जबकि उसके बाद भी सैकड़ो बसों के आने का सिलसिला लगातार जारी रहा। उनका कहना है इसमें आने वाले ज्यादातर साधकों ने आसपास के इलाकों में ही टेंट में रहने का बंदोबस्त किया था। जबकि कुछ लोग बस के नीचे और आसपास के हिस्से में रह रहे थे।

**बॉक्स**

## पांच दिन में 1,05,282 श्रद्धालुओं ने किये बाबा के दर्शन

**जम्मू**

**इस वर्ष अ**मरनाथ यात्रा में रिकॉर्ड तीर्थयात्री पहुंचने की उम्मीद है। पवित्र गुफा में रोजाना 20 हजार से अधिक शिवभक्त बाबा बर्फानी के दर्शन कर रहे हैं। बुधवार को 30,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने हिम शिवलिंग के दर्शन किए। यात्रा के पांच दिन में 1,05,282 यात्री बाबा के दरबार में हाजिरी लगवा चुके हैं। इस बीच आधार शिविर भगवती नगर जम्मू से कश्मीर के लिए बुधवार को 5725 यात्रियों का छठा जत्था रवाना हुआ है। आधार शिविर भगवती नगर जम्मू से बालटाल के लिए 2514 यात्री रवाना हुए। इसमें 1830 पुरुष, 599 महिलाएं, 15 बच्चे, 69 साधु और एक साध्वी शामिल रहे। इसी तरह पहलगाम के लिए 3211 यात्री रवाना हुए। इस जत्थे में 2651 पुरुष, 435 महिलाएं, 10 बच्चे, 104 साधु और 11 साध्वियां शामिल रहीं। दोनों यात्रा मार्गों के लिए 238 छोटे-बड़े वाहनों में यात्री गए। देशभर से आ रहे भक्तों में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए भारी उत्साह है। आधार शिविर भगवती नगर में भोले के भक्त बाबा का गुणगान करके माहौल को भक्तिमय बना रहे हैं। रेलवे स्टेशन जम्मू के पास सरस्वती धाम में टोकन पाने की होड़ लगी है।



## केन्द्रीय मंत्रिमंडल से जुड़ी समितियों का गठन

**नई दिल्ली**

केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी सरकार में आठ मंत्रिमंडलीय समितियों का गठन हो गया है। आज इसकी जानकारी जारी की गई। प्रमुख समितियों में बदलाव नहीं है, नए मंत्रियों सहित एनडीए के घटक दलों के नेताओं को इनमें स्थान मिला है। कैबिनेट की नियुक्ति मामलों की समिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह हैं। सुरक्षा मामलों की समिति में प्रधानमंत्री के अलावा चार प्रमुख मंत्रालयों रक्षा, गृह, वित्त और विदेश मंत्रालय के मंत्री क्रमशः राजनाथ, अमित शाह, निर्मला सीतारमण और डा. एस. जयशंकर हैं। आर्थिक मामलों की समिति में उक्त नामों के अलावा सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह शामिल हैं। संसदीय मामलों की समिति में राजनाथ, शाह, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, निर्मला सीतारमण, राजीव रंजन सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हैं। राजनीतिक मामलों की समिति में प्रधानमंत्री के अलावा राजनाथ, शाह, गडकरी, नड्डा, सीतारमण, गोयल, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल, नायडू, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रिजिजू और कोयला मंत्री एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी शामिल हैं। निवेश एवं विकास मामलों की समिति में प्रधानमंत्री के अलावा राजनाथ, शाह, गडकरी, नड्डा, सीतारमण, गोयल, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी, कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, रेल एवं आईटी मंत्री अश्वनी वैष्णव, संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान हैं।



## हड्डियों की जांच के जरिये उम्र की पड़ताल करते समय ऊपरी आयु ही मान्य होगी: हाईकोर्ट




**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि पॉक्सो कानून के तहत पीड़िता की हड्डियों की जांच के जरिये उम्र की पड़ताल करते समय ऊपरी आयु ही मान्य होगी। जस्टिस सुरेश कैत की अध्यक्षता वाली बेंच ने ट्रायल कोर्ट से इस मामले पर भेजे गए रेफरेंस के जवाब में ये फैसला सुनाया।

दरअसल साकेत कोर्ट के स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के समक्ष दुष्कर्म का एक मामला आया। पीड़िता की उम्र निर्धारित करने वाला कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर साकेत कोर्ट ने हड्डियों की जांच के जरिये उम्र निर्धारित करने का आदेश दिया। जांच में पीड़िता की उम्र 16 से 18 वर्ष पाई गई। साकेत कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि हड्डियों की जांच के आधार पर जो रिपोर्ट आयी है उसके ऊपरी उम्र सीमा को माना जाना चाहिए, जो 18 वर्ष होती है। उसके बाद दो वर्ष की जांच में त्रुटि की छूट के आधार पर पीड़िता की उम्र 20 वर्ष मानी जानी चाहिए। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि आरोपित के खिलाफ पॉक्सो कानून लागू नहीं होता, इसलिए पॉक्सो कानून के तहत सुनवाई नहीं होनी चाहिए। साकेत कोर्ट के समक्ष दो फैसलों का जिक्र किया गया जिसमें अलग-अलग मत व्यक्त किए गए थे। उसके बाद साकेत कोर्ट ने हाई कोर्ट से इस मामले को रेफरेंस के जरिये उत्तर जानना चाहा। हाई कोर्ट ने कहा कि हड्डियों की जांच के आधार पर उम्र निर्धारित की जानी हो तो रिपोर्ट में अनुमानित उम्र में दी गई ऊपरी उम्र पर ही विचार किया जाना चाहिए। अगर मामला पॉक्सो कानून का है तो दो वर्ष की त्रुटि सीमा लागू की जानी चाहिए। त्रुटि सीमा का मतलब जो अनुमानित उम्र में सबसे ज्यादा उम्र बताई गई है उसमें दो वर्ष और जोड़ देना चाहिए।

## सीबीआई मामले में जमानत के लिए हाई कोर्ट पहुंचे केजरीवाल

**नई दिल्ली**

दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। हाई कोर्ट केजरीवाल की जमानत याचिका पर 5 जुलाई को सुनवाई करेगा। आज केजरीवाल की ओर से पेश वकील रजत भारद्वाज ने कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष इस मामले को मेंशन करते हुए कल यानि 4 जुलाई को सुनवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सीबीआई की गैरकानूनी हिरासत में हैं। हाई कोर्ट ने इस मामले पर 5 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया। सीबीआई ने 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। 26 जून को ही राऊज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 29 जून तक की सीबीआई हिरासत में भेजा था। राऊज एवेन्यू कोर्ट के ड्यूटी जज अमिताभ रावत ने कहा था कि केजरीवाल की सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी गैरकानूनी नहीं है। बाद में 29 जून को सीबीआई की गिरफ्तारी खत्म होने पर ड्यूटी जज सुनैना शर्मा ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। सीबीआई के मुताबिक कई गवाहों के बयान हैं, जो केजरीवाल की ओर इशारा करते हैं।



## लालकृष्ण आडवाणी की फिर तबीयत बिगड़ी

**नई दिल्ली**

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को बुधवार रात 9 बजे के आसपास दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉ विनीत सूरी की निगरानी में जांच की जा रही है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अपोलो अस्पताल की ओर से यह जानकारी दी गई है।

बतादें कि पिछले एक सप्ताह में दूसरी बार उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

इससे पहले 26 जून को भी भी उन्हें खराब स्वस्थ को लेकर दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। यूरोलॉजी से जुड़ी समस्या को लेकर यूरोलॉजी के प्रोफेसर डॉ अमलेश सेठ उनका इलाज किया था। तब उन्हें एक दिन के इलाज के बाद 27 जून की देर रात अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी।

# झारखंड: सीएम चंपई सोरेन ने दिया इस्तीफा

## हेमंत सोरेन चुने गए विधायक दल के नेता; मुख्यमंत्री बनना तय

**रांची**

**झारखंड** के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। चंपई सोरेन ने पहले ही राज्यपाल से मुलाकात के लिए समय मांगा था। राज्य की राजनीति में हलचल की सुगबुगाहट आज दोपहर से ही तेज हो गई थी। अब मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के इस्तीफे के साथ ही यह तय हो गया है कि हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) गठबंधन के विधायक दल के नेता होंगे। राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने के बाद चंपई सोरेन ने कहा, बैठक में हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया है। इसे लेकर सभी विधायकों ने सहमति जताई है। जब नेतृत्व परिवर्तन हुआ था, तो मुझे चुना गया।

राजनीतिक घटनाक्रम क्या है, ये आप सब जानते हैं। हमारे गठबंधन में हम सभी ने फिर से निर्णय लिया है कि हेमंत सोरेन हमारे नेता होंगे। मैंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हमने अपने गठबंधन के निर्णय के अनुसार काम किया है। आपको बता दें कि दो फरवरी को चंपई सोरेन ने झारखंड के बारहवें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

**चंपई सोरेन के आवास पर हुई थी बैठक**

इससे पहले चंपई सोरेन के आवास पर विधायकों की बैठक हुई।



## 28 जून को जेल से रिहा हुए थे हेमंत सोरेन

**पूर्व** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 28 जून को करीब पांच महीने बाद जेल से रिहा किया गया था। जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में अदालत से जमानत मिलने बाद उन्हें जेल से रिहा किया गया। हेमंत ने 31 जनवरी को गिरफ्तार होने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

**वरिष्ठ आदिवासी नेता को पद से हटाना दुखद- हिमंत बिस्व सरमा**

उधर, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने चंपई सोरेन के इस्तीफे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा झामुमो और कांग्रेस द्वारा झारखंड में एक वरिष्ठ आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री पद से हटाना बेहद दुखद है। मुझे यकीन है कि झारखंड के लोग इस कार्रवाई का विरोध करेंगे।

**निशिकांत दुबे ने भी साधा निशाना**

उधर भारतीय जनता पार्टी सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, झारखंड में चंपई सोरेन युग समाप्त हो रहा है। परिवार पर केंद्रित पार्टी में बाहर के लोगों का कोई राजनीतिक भविष्य नहीं है। मैं उम्मीद करता हूं कि चंपई सोरेन भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेंगे और हेमंत के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। ॅझारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का कहना है कि शिबू सोरेन के परिवार से बाहर के आदिवासी लोग जेएमएम के अस्थाई सदस्य हैं। यह परिवार जरूरत पड़ने पर ही बाहरी लोगों का इस्तेमाल करता है।

# हंडिया पुलिस सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 2 अभियुक्त गिरफ्तार, 43 मोबाइल बरामद

अभियुक्तों के द्वारा पकड़ी गई मोबाइल की कीमत तकरीबन 15 लाख के पास






**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव व कटहरा के रहने वाले पीयूष पांडे व मनीष पांडे को 43 चोरी के मोबाइल व 700 रूपए नगद के साथ गिरफ्तार किया। जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई जा रही है। पीयूष पांडे व मनीष पांडे मोबाइल को चोरी कर दिल्ली व अन्य जगहों पर बेच दिया करते थे। पीयूष पांडे पहले भी चैन स्नेचिंग के मामले में गाजियाबाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हंडिया पुलिस ने रात्रि चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा और उनको रोक कर उनकी तलाशी ली गई तलाशी के दौरान उनके पास से 43 चोरी के मोबाइल बरामद हुए हंडिया पुलिस ने गिरफ्तार करके थाने ले आई कड़ी पूछताछ में उन्होंने बताया कि मोबाइल चोरी कर हम लोग दिल्ली और दिल्ली एनसीआर के इलाकों में बेच दिया करते हैं। पुलिस ने गिरफ्तार चोरों को जेल भेज दिया।गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बृज किशोर गौतम, उ०नि० सुमित आनंद, उ०नि० गोविंद राम तथा आदि पुलिस के जवान मौजूद रहे।


## मासूम बच्ची भटकती हुई पहुंची जायसवाल नगर, पुलिस ने परिजनों को खोजबीन कर किया सुपुर्द

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने घर से भटक कर बुधवार को दूसरे स्थान पर पहुंची एक मासूम बच्ची को पुलिस ने महज कुछ ही घंटे में परिजनों की खोजबीन कर सुरक्षित सुपुर्द कर दिए। वहीं बच्ची को सही सलामत मिलने पर परिजनों के आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े और पुलिस को धन्यवाद दिया। पुलिस ने घंटों की मेहनत के बाद उसके परिजनों को ढूंढ निकाला और बच्ची को सुपुर्द किया। औद्योगिक क्षेत्र के मासिक बजहा में रहने वाले गोरे लाल की तीन वर्षीय मासूम बेटी सोनम भटक कर दूसरे गांव जायसवाल नगर रेलवे ट्रैक के समीप पहुंच गई थी। वहां रो रही थी। गांव का एक युवक बच्ची को औद्यगिक थाना पहुंचाया। एसओ महेश मिश्रा ने क्षेत्र के सभी चौकी प्रभारी और पुलिसकर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में गश्त करने को कहा। इसके बाद बजहा गांव में बच्ची के लापता होने की जानकारी हुई। परिजनों को थाने बुलाकर बच्ची को उन्हें सुपुर्द कर दिया।

# मांडा इन्स्पेक्टर के कार्य प्रणाली से तीन दरोगाओ पर गिरी गाज

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** बीमार पत्नी के ईलाज के लिए दूसरे से पैसा मांगकर घर लौट रहा युवक से तीन बदमाशो ने मिलकर बीस हजार नगदी व मोबाइल छीनकर फरार हों गए थे कोरांव के सेमरी बाघराय, पुरा निवासी कमलेश कुमार पटेल ने मांडा थाने में तहरीर देकर बताया कि अपनी बुआ के घर मेजा थाना क्षेत्र के कुकुर कटवा गांव अपने निजी बाइक से गया हुआ था साथ में उसका भतीजा भी मौजूद था। बीते शुक्रवार को रात करीब 10 बजे पत्नी के इलाज के लिए बीस हजार रूपए लेकर लौट रहा था तभी अचानक जैसी ही मांडा क्षेत्र के मंडार गांव के समीप पहुंचे ही थे कि तीन बदमाशो ने सामने से उन्हें रोक लिया और मारपीट करते हुऐ पीड़ित का बीस हजार रूपए व मोबाइल छीनकर फरार हो गए



**मांडा इन्स्पेक्टर के कहने पर गए थे तीनों दरोगा :** मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मांडा इन्स्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने दिघिया चौकी इंचार्ज बाबू राम,दरोगा सन्ने बाबू गौतम, कपिल द्विवेदी व शाहनवाज आलम सहित सूचनाकर्ता के बताए गए स्थान पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए। जिसमे बाइक नम्बर UP70 FK 4971 की जगह UP70 AX 4971 बाइक को कब्जे में लेकर वाहन स्वामी को मांडा थाने आने की बात कही। दरोगा शाहनवाज आलम ने सक्रियता दिखाते हुए घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं दूसरी ओर घटना में पाए गए UP70 A 4971 के वाहन स्वामी को उसकी गाड़ी सुपुर्द कर दी। लेकिन वाहन स्वामी ने मांडा थाना परिसर में मौजूद पुलिस कर्मियों को खरी खोटी सुनाकर अभद्रता पूर्वक पेश आने से थाना परिसर में हड़कंप मच गईं। साथ ही क्षेत्र में तरह तरह चचाएं फैली हुई है।

**उक्त मामले में विवेचक बेदाग हुए बरी :** उक्त घटना में इन्स्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने विवेचना करने के लिए दिघिया चौकी इंचार्ज बाबूराम को सौंपी थी लेकिन घटना घटित होने पर बेदाग बाहर निकल गए। यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

## अंतर्राष्ट्रीय महंत किन्नर अखाड़ा मां वैष्णवी नन्द गिरी डॉक्टरेट की मानद उपाधि से होंगी सम्मानित

**प्रयागराज।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ, वृंदावन धाम, मथुरा विश्वस्तर पर हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिये विख्यात है। भारतीय संस्कृति को हिंदी भाषा के माध्यम से विश्वपटल पर लाने में विद्यापीठ की अहम भूमिका रही है। अंतर्राष्ट्रीय किन्नर अखाड़ा की महंत माता वैष्णवी नंद गिरी ने बताया कि इस बार 24 जुलाई को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय माँ वैष्णवी नन्द हिन्दी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में उन्हे समाज में उल्लेखनीय योगदान व समाजसेवा के लिये विधावाचस्पति (डॉक्टरेट की मानद उपाधि) से सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद माँ वैष्णवी नन्द गिरी के नाम के आगे डॉ जोड़ा जा सकेगा। इस सूचना को लेकर समाज के अनेक प्रबुद्ध हस्तियों से उन्हे शुभकामनाएं मिल रही हैं। इस मौके पर वैष्णवी नन्द गिरी ने कहा कि पहचान मिलने काम करने की शक्ति दुगनी हो जाती है और जो लोग



अच्छा करना चाहते हैं उन्हे भी प्रेरणा मिलती है। मैं इस सम्मान के लिए पूरी विद्यापीठ टीम का धन्यवाद करती हूं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ देश की संस्थाओं में से एक है जो विद्यावाचस्पति (डॉक्टरेट की मानद उपाधि) प्रदान करती है। माँ वैष्णवी नन्द गिरी देश की जानी मानी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं से विभिन्न पदों पर जुड़ी हुई हैं। वह समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए काम करती हैं। इसको लेकर किन्नर अखाड़े में खुशी की लहर है।

## भट्टे पर ईट लेने गए अधिवक्ता को मार पीट कर किया गया जख्मी

### अधिवक्ता को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** ईट भट्टे पर ईट लेने गए अधिवक्ता को मार पीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने एक नामजद पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के चौहान का पूरा गांव निवासी पंकज कुमार सिंह पुत्र जसवंत सिंह पेशे अधिवक्ता है उनका आरोप है कि वह दस ट्रैक्टर ईंटों के लिए एडवांस पैसा ईट भटठा मालिक को दिया था। आरोप है कि उसे ईट देने के बहाने बुला कर मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। अधिवक्ता पंकज कुमार ने मऊआइमा थाने में तहरीर देकर अजय कुमार उर्फ पिंटू निवासी ग्राम किरांव तथा पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# एक्सईएन के औचक निरीक्षण से कटिया धारकों में मचा हड़कंप

अखण्ड भारत संदेश।

**मांडा।** अधिशासी अधिकारी के औचक निरीक्षण से कटिया धारकों व उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया जिसमे उपभोक्ताओं को हिदायत देते हुए कहा कि अगर बिजली बिल बकाया या अवैध तरीके से बिजली पाई गई तो बख्से नहीं जायेंगे उक्त बाते मांडा खास काली मां के चौराहे पर औचक निरीक्षण करने आए अधिशासी अधिकारी अभिनव गर्ग ने उपभोक्ताओं से कहीं इस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारियों ने अभियान चलाकर करीब आधा दर्जन से अधिक बिजली बिल बकाया वाले लोगों के कनेक्सन कांटे गए तथा ओवरलोड कनेक्सन मिले जिनको क्षमता बढ़ाने की हिदायत दी गईं वहीं कर्मचारियों ने मीटर की भी जांच



की उन्होने ने आगे बताया कि ये अभियान चलता रहेगा रोजाना हर क्षेत्रो में कनेक्शन चेक किए जाएंगे। वहीं मेजा एसडीओ ध्रुव कुमार सिंह व मांडा रोड़ उप केंद जेई प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया अवैध तरीके से जलाए जा रहे बिजली मांडा क्षेत्र के दर्जनों घरेलू व व्यवसायिक उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्सन काट कर सभी उपभोक्ताओं को बताया कि कनेक्शन लेने के बाद ही केविल जोड़ी जाएगी। मौके पर परीक्षक खड़े बाबू, सुनील कुमार पाण्डेय, दिनेश मिश्रा, मोहन सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# उतरांव में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**उतरांव।** उतरांव में थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी की अध्यक्षता में उतराव थाने में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी श्रावण मास एवं मोहर्रम त्योहार को लेकर संभ्रांत लोगों के साथ सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। जिसमें परम्परागत तरीके से दोनों त्योहारों को मनाने का निर्णय लिया गया। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र में आगामी श्रावण मास एवं मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपंन्न कराया जा सके, इसलिए दोनों समुदाय के संभ्रांत जनों से यह अपेक्षा किया जाता है कि वे अपने-अपने धर्म के लोगों से शासन के दिशा-निर्देशानुसार ही पर्व को मनाएंगे। दोनों समुदाय के लोगों को भारत सरकार द्वारा कानून में किए गए धारा संख्या में बदलाव नियमों से अवगत कराया। श्रावण मास एवं मोहर्रम को लेकर क्षेत्रवासियों से जुलूस को लेकर लिखित सूचना मांगा। लोगों ने जुलूस के रास्ते की समस्या को उठाया ओर उसके निस्तारण की मांग की। थानाध्यक्ष ने कांवण यात्रा के लिए

### श्रावण मास और मोहर्रम मनाने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर हुई चर्चा



मार्ग को सुचारु कराने के संबंध में वन विभाग के कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक ने त्योहार को परम्परागत तरीके से मनाने की बात कही। कहा कि मोहर्रम पर कोई भी नये रुट को उपयोग में नहीं लाया जाएगा। पहले की तरह ही जुलूस निकाले जाएंगे। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के हथियार पर प्रतिबंध रहेगा। अगर कहीं भी इस तरह का फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।उक्त अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन उर्फ समीर, दिलशाद अहमद, राम चंद्र प्रधान, सोनू शाह, उदय राज यादव, अहमद जैदी, फैजी, इस्तेखार प्रधान, अवधेश उर्फ बाबा प्रधान, अनिल प्रधान, मिशम, मोहम्मद अकील, अजीत, नन्द लाल वर्मा, डाक्टर कौशर अली,आदि लोग उपस्थित रहे।

# पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पौधारोपण है जरूरी : सीतांजली गुप्ता






कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मेजा में आयोजित हुआ वनमहोत्सव कार्यक्रम

**मेजा।** प्रदेश सरकार ने एक से सात जुलाई तक वनमहोत्सव अभियान कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण किए जाने का लक्ष निर्धारित किया है जिसके मद्देनजर बुधवार को मेजा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वनमहोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान विद्यालय की वार्डेन श्रीमती सीतांजली गुप्ता द्वारा परिसर में वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में वृक्षा रोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि वृक्षा रोपण के दौरान उन्होंने कहा कि वन महोत्सव सप्ताह में प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम दो पेड़ अवश्य लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सके। इतना ही नहीं वन महोत्सव कार्यक्रम में श्रीमती गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षा रोपण पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि जीवन को स्वस्थ एवं निरोगित रखने के लिए पेड़ लगाना जरूरी है। गौरतलब है कि इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में कुल 11 फलदार हरे पौधे लगाए। बता दें कि इसके एक पूर्व मंगलवार को बीईओ मेजा कैलाश सिंह ने उक्त विद्यालय में पहुंचकर शासन के मंशानुरूप सभी बालिकाओं को टीका लगाकर उन्हें सम्मान देते हुए शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया था। इस मौके पर विद्यालय में शिक्षारत बालिकाएं, स्टाफ के लोग तथा वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कण-कण में विराजे हैं राम : पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ल

**नैनी।** नैनी अवंतिका कॉलोनी स्थित चंद्रलोक गेस्ट हाउस में कथा व्यास भारत सरकार द्वारा सम्मानित हिंदी के प्रकांड विद्वान एवं श्रीमद् भागवत कथा मर्मज्ञ पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ने भक्त प्रहलाद, सागर मंथन एवं कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए श्री शुक्ल जी ने कहा कि राम कण कण में विराजे हैं` जब हिरण्यकश्यपु प्रहलाद पर प्रहार करने चला तो भगवान नरसिंह रूप में खंभ से प्रकट होकर हिरण्यकश्यपु का वध कर दिए। सागर मंथन की चर्चा करते हुए हुए श्री शुक्ल ने कहा कि समुद्र मंथन में 14 अमूल्य रत्न, अमृत एवं माता महालक्ष्मी का प्राकट्य हुआ। वह परिवार, समाज, राष्ट्र सुरक्षित रहता है और समृद्ध होता है। कथा स्थल पर आज कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। मिठाइयां बांटी गईं। बधाइयां गाईं गई। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, भजन की धुन पर भक्तों ने भाव विभोर होकर नृत्य किया। कथा के मुख्य यजमान मदन मोहन मिश्र एवं के डी त्रिपाठी ने सपत्नीक व्यास पीठ का पूजन किया। विधायक उत्तरी हर्ष बाजपेई ने भगवान की आरती की। कथा समिति ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं व्यास जी ने अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रयाग वासियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि




04 वेद, 18 पुराण, 06 शास्त्र, श्री रामचरितमानस, बाल्मीकि रामायण, श्रीमद् भगवत गीता एवं श्रीमद् भागवत के एक स्थान पर दर्शन पूजन की व्यवस्था एक अद्भुत सोच है। उन्होंने आगे कहा कि दिन में काफी समय वह अपने नैनी स्थित कारखाने में उपस्थित रहते हैं। किसी भी जन समस्या के लिए नैनी वासी उनसे संपर्क कर सकते हैं। कथा में प्रमुख रूप से अवधेश पांडेय, आर के शुक्ला, धीरज मिश्रा, जन्मेजय भागवताचार्य, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व जिला जज सोम प्रकाश पांडेय, भारद्वाज शुक्ला, पवन शुक्ला, आनंद कृष्ण पांडेय, शरद शुक्ला, एस पी द्विवेदी एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान लीडर्स सोशल वर्कर ने एडीएम वित्त एवं राजस्व को दिया मांगपत्र

**कोरांव।** बुधवार को तहसील कोराव के ग्राम प्रधान संगठन लीडर्स और ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजाद ने तहसील प्रशासन की लापरवाही के कारण करीब तीन साल से भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा की गरीबों भूमि हीनों को कृषि तथा आवासीय आवंटन कार्यवाही में विलंब किए जाने से संबंधित एक मेमोरेंडम शिकायती पत्र सौंपा। जिसमे ग्राम प्रधान लीडर्स ने पट्टे वितरण में भू माफियाओं के दबाव प्रभाव और लोकल राजस्व कर्मियों की लोकल राजनीति और हस्तक्षेप के कारण विलंब किए जाने और टाल मटोल कर भू माफियाओं को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। विनोद कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रयागराज ने फोन पर तहसीलदार कोरांव को भी मांग पत्र के दृष्टिगत गरीबों को पट्टे दिए जाने और प्रधान शहजादे से वार्ता कर निस्तारण का हुक्म दिया। साथ ही उपजिलाधिकारी कोरांव को पत्र द्वारा ग्राम सभा अल्हवा के एलएमसी की प्रस्तावित पात्र लाभार्थियों को अविलंब पट्टे किए जाने का आदेश पारित किया है। श्री सिंह ने ग्राम प्रधान लीडर्स को आश्वस्त किया कि अविलंब पट्टे वितरित किए जायेगें। यदि अब लापरवाही की शिकायत मिली तो निश्चित कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जनसुनवाई में कई क्षेत्र से गए गरीब भूमि हीनों को भी दुर्पयोग हो रही जमीनों

एसडीएम वित्त,राजस्व प्रयागराज ने तहसीलदार और एसडीएम कोरांव को अवैध अतिक्रमित भू खंडों को अविलंब आवंटित किए जाने का दिया आदेश



को पट्टे किए जाने को निर्देशित भी किया और लोगों को आश्वस्त किया। ग्राम प्रधान ने उक्त से संबंधित पूर्व में प्रेषित पत्रों की प्रतियां संलग्न कर और उक्त शिकायतों के तहसीलदार स्तर से मनमानी निस्तारण आख्या को भी दिखाया।एडीएम ने बताया कि लापरवाह लेखपालों पर भी कार्यवाही होगी जिन्होंने साशन सरकार द्वारा आवंटन हेतु दिए गए लक्ष्य को पूर्ण नहीं किया।

# न्यूज झरोखा

## निःशुल्क आयुर्वेद शिविर का हुआ आयोजन



**झूंसी।** क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. शारदा प्रसाद के निर्देशन में बुधवार को राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय झूंसी की चिकित्सा अधिकारी डॉ. खुशनुमा परवीन तथा डॉ. श्वेता सिंह द्वारा झूंसी कोहना में आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन दर्जन से अधिक वृद्ध जनो का परीक्षण कर सभी को आयुर्वेदिक दवाई वितरित की गई साथ में बारिश के दिनों में बचाव,आहार, विहार, योग की जानकारी दी गई। शिविर के समापन के बाद औषधीय पौधों का रोपण एवं वितरण भी किया गया लोगों को प्लास्टिक की जगह कपड़े के बैग प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। फार्मासिस्ट जीउत प्रसाद, कोहना के पार्षद अनिल यादव के साथ दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## जेके सुपर सीमेंट द्वारा ग्राहक मार्गदर्शन शिविर का आयोजन




**जंघई।** पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल जंघई के संयोजन में बुधवार को जेके सुपर सीमेंट द्वारा ग्राहक मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। जेके सुपर सीमेंट के जिला सेल्स ऑफिसर लोकेंद्र तिवारी, सेल्स सपोर्ट अधिकारी सर्वेश, सूरज एवं तकनीकी अधिकारी राहुल शर्मा द्वारा ग्राहकों को कंपनी की तरफ से स्टाल लगाकर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि कंपनी ग्राहकों, राजमिस्त्री एवं ठेकेदार के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने का प्रयास करती है। कंपनी ने ग्राहकों, राजमिस्त्री और ठेकेदारों की विभिन्न बैठकों, निर्माण जागरूकता और उनके जीवन की बेहतरी के लिए योजनाओं का आयोजन करके जमीनी स्तर पर प्रभावशाली लोगों के साथ जुड़ाव किया है जिससे जेके सुपर सीमेंट परिवार को चुनौतियों का सामना करने में मदद और सक्षम बनाता है। इस अवसर पर प्रशांत शुक्ला विक्की, कलेक्टर शुक्ला, हरिश्चंद्र मिश्र, संतोष पांडेय, संजय पांडेय, जयप्रकाश पाठक, केशव चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## सेवारत शिक्षिका का आकस्मिक निधन दी गई श्रद्धांजलि



**सहसों।** विकास खंड बहादुरपुर के प्राथमिक विद्यालय सिंगरामऊ में सेवारत प्रधानाध्यापिका फरजाना मुस्ताक नकवी (50) का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी तबियत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। शहर स्थित चिकित्सालय में इलाज चल रहा था तबियत ज्यादा खराब होने पर चिकित्सकों ने जबाव दे दिया। तत्पश्चात परिजनों ने दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया जहां पर इलाज के दौरान एक जुलाई को उनका निधन हो गया। जैसे ही उनके निधन की जानकारी मिली क्षेत्र के शिक्षकों में शोक व्याप्त हो गया। इस मौके पर शिक्षकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिजन के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट की। उनके अचानक निधन से हम सभी स्तब्ध एवं अवाक रह गए। इस अवसर पर लोगों ने मृत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि एवं शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश जूनियर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय, जिला महामंत्री राजेंद्र अनुरागी, जिला मीडिया प्रभारी भारतेन्द्र त्रिपाठी, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री शिवबहादुर सिंह व विद्यालय परिवार के अवनी राजवंशी, साधना देवी, संतोष कुमार, शिवा कांत सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## मानस मंदिर पांती से 7 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**मेजा।** आगामी 7 जुलाई को शाम चार बजे श्री सिद्ध हनुमान मानस मंदिर पांती (मेजारोड) से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। उक्त आशय की जानकारी मानस प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष ई नित्यानंद उपाध्याय ने देते हुए बताया कि छह जुलाई को मंदिर पर अखंड रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ होगा तत्पश्चात सात जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। श्री उपाध्याय ने बताया कि आठ जुलाई को महा प्रसाद का वितरण होगा। उन्होंने रथ यात्रा कार्यक्रम में उक्त तिथि पर स्थानीय एवं क्षेत्रीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी तहरीर देकर हुई कार्यवाही की मांग

सहंसों। थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत कसेरूआ कला गांव मे मंगलवार की रात विशाल केसरवानी ने अपनी बाइक घर के दरवाजे के सामने खड़ी कर सोने चले गए। बुद्धवार की सुबह जब विशाल केसरवानी सोकर उठे घर के बाहर आए देखा तो दरवाजे पर खड़ी बाइक गायब रही। काफी देर तक आसपास खोजबीन किया परंतु कहीं पता नहीं चला। उन्होंने संबंधित पुलिस को सूचित किया तथा थाने जाकर लिखित तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराकर कार्यवाही की मांग की है।

## मामूली विवाद में दो दुकानदार आपस में भिड़े

**जारी।** बुधवार को लोटाढ़ गाँव के विष्णु गुप्ता व गोलू केसरवानी की जारी बाजार मे ग्राहक को लेकर मामूली विवाद में मारपीट हो गई। विष्णु गुप्ता का आरोप है कि बुधवार की दोपहर लोटाढ का एक ग्राहक गेहूं बेचने उसकी दुकान पर आया,तभी बगल का दुकानदार गोलू किसान को अपने पास बुलाने लगा। विष्णु के भाई के मना करने पर गोलू केसरवानी अपने भाई आदेश केसरवानी व बच्चा केसरवानी के साथ मिलकर गाली गलौज के बाद उसके भाई को मारने पीटने लगे। बीच बचाव में विष्णु पहुंचे तो उसकी भी पिटाई कर दी और जंजीर छीन कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। विष्णु गुप्ता ने थाने में शिकायत दर्ज कराया है।

# मोहर्रम एवं कावंड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस आयुक्त एवं डीएम ने किया समन्वय बैठक

## त्यौहारों पर साफ-सफाई, बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त तरूण गाबा, जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बुधवार को जिला पंचायत सभागार में मोहर्रम एवं कावंड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस आयुक्त तरूण गाबा ने कहा कि पूर्व में निर्धारित परम्परा के अनुसार ही पर्वों को मनाया जाये, कोई नई परम्परा न शुरू की जाये। उन्होंने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं चाहूंगा कि हम लोग बहुत ही सकारात्मक ढंग से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाते हुए आगामी त्योहारों को सम्पन्न करायें। जो पुराने रीति-रिवाज व कानूनी गाइड लाइन है, उसके अनुसार एक टीम की तरह हम अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कुशलता के साथ सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष सर्तकता व निगरानी रखी जाये। साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आप सभी के सुझावों को हम अपनी कार्ययोजना में शामिल करते हुए आपकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित अपर पुलिस आयुक्त श्री एन0 कोलांची ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली नकारात्मक खबरों को फैलने के पूर्व ही पुलिस विभाग से साझा करने की अपील की। बैठक में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने कहा कि आगामी त्यौहारों को विगत वर्षों की भांति शांतिपूर्ण, सकुशल, सौहार्दपूर्ण ढंग से भाई-चारे व मेल-जोल के साथ सम्पन्न करायें जायेंगे। उन्होंने आगामी त्यौहारों के पूर्व ही सड़को को गड्ढ़ा मुक्त करने, नगर निगम के द्वारा मार्गों की साफ-सफाई एवं खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराये जाने, विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत के लटकते तारों व तेढ़े-मेढे खम्भों को सुव्यवस्थित करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी तहसीलों में स्थानीय स्तर की समस्याओं का समाधान त्यौहार के पूर्व ही कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं सहायक पुलिस आयुक्तों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। कार्यक्रम में पीस कमेटी के सदस्यों के द्वारा त्योहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में अपने-अपने सुझाव दिए गये। कार्यक्रम में उपस्थित डीसीपी नगर दीपक भूकर ने कहा कि आज की गोष्ठी में आपके द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि गैरपराम्परागत जुलूस न निकाले जाये एवं ताजिए अपने समय पर पूर्व से निर्धारित मार्ग पर ही मानक ऊंचाई के साथ निकाले जाये एवं जुलूस में प्रतिबंधित ऊंट, घोड़ा व शस्त्र का प्रदर्शन न होने पाये। कार्यक्रम को डीसीपी यमुनापार श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय, डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती, मुख्य चिकित्साधिकारी आशु पाण्डेय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चांद भाई ने किया। इस अवसर पर एडीएम सिटी मदन कुमार, एडीएम प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, सेंट्रल पीस कमेटी, पार्षदगण, ताजियादार, सिविल डिफेंस, जिला अपराध निरोधक समिति के सदस्यों सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# 3 दरोगा हुए लाइन हाजिर, जांच शुरू

## जज ने की शिकायत तो हुई कार्रवाई, लूट के मामले में एक युवक को उठाकर किया था प्रताड़ित



**प्रयागराज।** प्रयागराज में जज के यहां निजी काम करने वाले युवक को प्रताड़ित करने के मामले में 3 दरोगाओं का लाइन हाजिर किया गया। दरअसल लूट के मामले में जांच में जुटी पुलिस एक युवक को उठाकर पूछताछ कर रही थी। घर वालों ने जज से गुहार लगाई कि युवक को प्रताड़ित किया जा रहा है। फिर मामला पुलिस कमिश्नर तक पहुंचा और जांच हुई।अंत में युवक को उठाकर प्रताड़ित करने के मामले में यमुना नगर के मांडा थाने में 3 दरोगाओं को एक साथ लाइन हाजिर कर दिया गया। साथ ही उनके खिलाफ जांच के आदेश भी हुए हैं। मामला कई दिनों से चर्चा में रहा था। मांडा थाना क्षेत्र के मडार गांव में 3 दिन पहले 20 हजार रुपए की लूट का मामला सामने आया था। इस मामले की जांच में जुटी मांडा पुलिस ने नहवाई क्षेत्र के एक युवक को उठाया। बताया जाता है कि उसे काफी प्रताड़ित किया गया।युवक एक जज के यहां निजी काम करता था। पुलिस से गुहार लगाने के बाद उस युवक के घरवालों ने इसकी गुहार न्यायाधीश को दी। मामला पुलिस कमिश्नर तक पहुंचा। उन्होंने मांडा थाने में तैनात 3 दरोगाओं शहनवाज आलम, कपिल द्विवेदी व दिघिया चौकी के दरोगा सन्नेश? बाबू गौतम को लाइन हाज़िर कर दिया।मांडा थाने में तैनात एक साथ तीन दरोगाओं को लाइन हाजिर किए जाने से विभाग में हड़कंप मच गया। हालांकि पुलिस अधिकारी पूरे मामले को लापरवाही से जुड़ा बता रहे हैं। उनका कहना है कि कार्रवाई कार्य में लापरवाही की वजह से हुई। डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा पांडेय का कहना है कि तीनों दरोगाओं ने कार्य में लापरवाही बरती थी।

# बाइक हटाने को लेकर लेखपाल दंपति को पीटा, लेखपालों में आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिले में लेखपाल दंपति को मारने-पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। लेखपाल साथियों का कहना है कि पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर छोड़ दिया। जिससे लेखपाल संघ नाराज हो गया और सदर तहसील में कार्य का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गया। मिली जानकारी के अनुसार सदर तहसील में तैनात लेखपाल हरीश वर्मा व उनकी पत्नी हंडिया में तैनात लेखपाल वैशाली जायसवाल के साथ कर्नलगंज थाना क्षेत्र के अवधपुरी कालोनी में बाइक हटाने को लेकर लाज संचालक द्वारा लेखपाल दंपति को पीटकर घायल कर दिया गया। जिससे दोनों घायल हो गए और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता वैशाली जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। लेखपाल संघ का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर छोड़ दिया। जिससे नाराज लेखपाल संघ ने बुधवार को सदर तहसील में कार्य का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गया।

# नौकरी दिलाने के नाम 1.70 लाख की ठगी व अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर 1.12 लाख वसूले

**प्रयागराज।** प्रयागराज में ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। 2 अलग-अलग मामलों में एक युवती को अश्लील तस्वीर वायरल करने का डर दिखाकर 1.12 लाख ठगे गए। वहीं एक युवक से नौकरी दिलाने की आड़ में 1.70 लाख रुपए ठग लिए गए। दोनों मामलों की पुलिस जांच कर रही है। नौकरी के लिए 1.70 गंवाएं : जार्ज टाउन इलाके के अल्लापुर के रहने वाले आशुतोष तिवारी ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वॉट्सऐप के जरिए उन्हें ऑनलाइन एक कंपनी में नौकरी दिलाने की बात कही गई। कंपनी के दस्तावेज आदि देखने के बाद वह जालसाजों के झांसे में आ गया।शातिरों ने बहाने से 1.70 लाख रुपए की मांग की। आशुतोष ने जालसाजों के द्वारा बताए गए अकाउंट में 5 बार में रकम भेज दी। इसके बाद वह आश्वासन देते रहे, मगर रुपए वापस नहीं दिए। अब पुलिस ने आईटी एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

**युवती को डरा कर रुपए वसूले :** दूसरी घटना पूरामुफ्ती थाने में दर्ज हुई है। यहां एक युवती को धमकी देकर 1.12 लाख रुपए वसूले गए। युवती के भाई ने तहरीर दी है कि उसकी बहन के मोबाइल पर दो नंबर से कॉल और वॉट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाले धमकी देने लगे कि उसकी अश्लील फोटो अपलोड है। अगर रुपए नहीं भेजा तो वायरल कर देंगे। डरी युवती ने बताए गए अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर दिए।

# संगमनगरी में पिछले चार दिनों से मंडरा रहे बादल

## प्रयागराज में भीषण गर्मी से तो मिली राहत लेकिन नही हो रही तेज बारिश

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** प्रयागराज में जिस तरह से मौसम बना हुआ है उसके हिसाब से बारिश नही हो रही है। पिछले तीन-चार दिनों से लगातार आसमान में बादलों का डेरा है। लग रहा है कि बारिश हो सकती है लेकिन मौसम के हिसाब से बारिश नहीं हो रही है। कल मंगलवार को हल्की बारिश हुई लेकिन उसके बाद फिर वही स्थिति। सुबह करीब 8 बजे तक यहां टेम्प्रेचर 28त्ड रहा। अधिकतम तापमान आज 31त्ड तक ही रहेगा।टेम्प्रेचर में 15त्ड की कमी होने से बदल गया मौसम। दरअसल, प्रयागराज ही नहीं बल्कि पूरे देश में इस बार भीषण गर्मी पड़ी है। लेकिन पूरे देश में सबसे ज्यादा गर्म शहरों की बात की जाए तो उसमें प्रयागराज कई दिनों तक टॉप पर रहा। यहां का अधिकतम 47त्ड तक पहुंचा था लेकिन 14 से 15त्ड तक टेम्प्रेचर में कमी हुई है जिसका भी दिखने लगा। अब मानसून आने के बाद से यहां का मौसम बिल्कुल बदल गया है।

# युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने नगर आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया




**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र वह आसपास के वार्डों में समस्या को लेकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र तिवारी के नेतृत्व में मेला क्षेत्र के विकास कार्य में ठेकेदारों की लापरवाही को लेकर युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। नगर आयुक्त के न रहने पर अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन सोपा जिस पर उन्होंने तत्काल ठेकेदारों से वार्ता करने की बात कही। अरैल के मुखिया नगर गूगल कॉलोनी में कच्ची सड़क है कॉलोनी बनी हुई है वहां पर पक्की सड़क के लिए भी लिख कर दिया गया है पूर्व अध्यक्ष प्रांजल केसरवानी जिला अध्यक्ष सौरभ पांडे अधिवक्ता वरुण मिश्रा प्रदेश सचिव प्रवीण यादव बंटू जिला उपाध्यक्ष सत्यम सिंह विधानसभा अध्यक्ष सोशल आर्टरी जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा माला विधानसभा उपाध्यक्ष आकाश द्विवेदी सोशल आउटरीच शहर अध्यक्ष अनुराग फरदीन अंकुश राजेश्वर कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# केंद्रीय विद्यालय मनौरी प्रधानाचार्य की अनूठी पहल

## अभिभावकों के साथ मीटिंग कर बच्चों के लिए दिए सफलता के टिप्स

**प्रयागराज।** वन क्लास से लेकर 12वीं तक के छात्रों के लिए मनौरी के प्रधानाचार्य मनीष त्रिपाठी ने एक अनूठी पहल की हैं। इसको लेकर बुधवार को अभिभावकों के साथ मीटिंग किया तथा बच्चों के सफलता के लिए टिप्स भी बताएं। उन्होंने कहा कि बच्चों की भविष्य के लिए मैं स्वयं तथा हमारी टीम उनके भविष्य को सुधारने में लगी हुई है। आप लोग भी बच्चों का ख्याल रखें तथा उसके एक्टिविटी के बारे में जरूर सूचित करें उन्होंने अपना पर्सनली मोबाइल नंबर सभी अभिभावकों को देते हुए यह बात कही। खासतौर से 12वीं के छात्रों के लिए विशेष ध्यान देने की बात कही कि बच्चे केंद्रीय विद्यालय मनौरी से अगर 12वीं पास करके निकलते हैं तो दर-दर ना भटके किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठे तो अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो तथा विद्यालय का नाम रोशन करें। इसको लेकर प्रधानाचार्य मनीष त्रिपाठी ने एक मुहिम चलाई है गेट के बाहर रेस्टोरेंटो तथा पार्कों में अगर बच्चे बैठे हुए बातचीत करते हुए दिखे तो तत्काल उनको सूचित करें। बच्चों को एक्टिविटी पर निगरानी रखने के लिए आसपास सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिए हैं जिससे बच्चों के एक्टिविटी के बारे में पता चलता रहे। इस पहल को लेकर अभिभावकों में खुशी है ,तथा मीटिंग समापन के पश्चात अभिभावकों ने ताली बजाकर प्रधानाचार्य की बातों का समर्थन किया व बधाई भी दी।

## मुक्ता विहार कॉलोनी में लाखों की चोरी

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के मुक्ता विहार कॉलोनी में रहने वाले धर्मराज सिंह के मुताबिक उनके घर मे सोमवार रात चोरों ने 26 हजार रुपये नकद, मंगलसूत्र , हीरे और सोने की दो अंगूठी, दो जोड़ी पायल सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। पुलिस मामले की एफआईआर दर्ज कर अज्ञात चोरों का पता लगाने में जुटी है।

## पीडीए ने किया पांच अवैध मकान सील

**झूंसी।** क्षेत्र में प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने बुधवार को पांच अवैध बड़े निमार्णों को सील किया। जोनल अधिकारी आलोक कुमार पांडे के नेतृत्व में अवर अभियंता जेएम सिंह ने जीटी रोड स्थित रजाई, गद्दा की दुकान के बगल में, छतनाग रोड मिलन चौराहे स्थित अनुराग सिंह, प्रमोद कुमार, देवनगर स्थित रीना सिंह, चमनगंज स्थित शिवराम पाल के द्वारा कराए जा रहे निर्माण को अवैधत बात कर सील कर दिया गया। पीडीए कि इस कार्रवाई से पूरे दिन अवैध प्लॉटरो व बिना नक्सा पास कराए बना रहे भवन स्वामियों में हड़कंप मचा रहा।

# डीएम ने भडेवरा प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार लगाई ब्रेक

## हैंडपंप रिबोर में धन गमन का आरोप जांच में दोषी ठहराए गए

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत भडेवरा में वित्तीय अनियमितता के आरोप में जांच में दोषी पाए जाने पर डीएम ने प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार पर रोक लगा दी है, और जिला जांच कमेटी गठित कर पुनः अंतिम जांच कराने जाने का निर्देश दिया गया है मामला हैंडपंप रिबोर कार्य में बिना कार्य कराएं के भुगतान की जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की गई है, जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत भडेवरा में हैंडपंप रिबोर के नाम पर वित्तीय अनियमितता की शिकायत गांव के लोगों ने किया था जिस पर प्रधान पर आरोप लगाया था कि बिना हैंडपंप रिबोर कराए धन बन्दर बांट कर लिया गया है, जिसमें जिला जांच कमेटी ने जांच प्रधान एवं सचिव को दोषी ठहराया गया था, और शिकायत कताओं ने डीएम को हलफनामा देकर प्रधान एवं सचिव के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की शिकायत पर डीएम ने ग्राम पंचायत का वित्तीय अधिकार एवं प्रशासनिक अधिकारों पर ब्रेक लगा दिया और एक जिला जांच कमेटी गठित कर अंतिम जांच कराने का निर्देश दें दिया है, उक्त आशय की जानकारी एडीओ पंचायत रामशिरोमणि तिवारी ने बताया कि डीएम के निर्देश पर अंतिम जिला जांच रिपोर्ट के बाद कारवाई सुनिश्चित हो सकेंगी।

# एजी ऑफिस के स्टॉफ को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

## घायल को अस्पताल पहुचाएं, बाद में फिर वीडियो बनाएं



**प्रयागराज।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के स्टाप को प्रयागराज यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ उपमहालेखाकार पूजा कुमारी द्वारा पवन पाण्डेय को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यातायात निरीक्षक पवन पाण्डेय द्वारा बताया कि सड़क दुर्घटना में न जाने कितने लोगों की जान चली जाती है। खासकर साइकिल चालकों के लिए सुरक्षित सफर करना एक बड़ी चुनौती बन गई है। कारण है कि लोग नियमों को लेकर लापरवाही करते हैं। स्टाप को बताया गया कि कार चालक सीट बेल्ट वा दोपहिया चालक सही मानकों वाला हेलमेट पहनकर ही घर से निकलें। सड़क पर हमेशा दूसरे वाहनों से निश्चित दूरी बनाकर रखनी चाहिए। सड़क किनारे लगे दिशा सूचक (आदेशात्मक, सूचनात्मक, संकेतात्मक) बोर्ड व सड़क सुरक्षा नियमों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए। वाहन चलाते समय नशा न करें। लोग कान में ब्लूटूथ लगाकर गाड़ी चलाते हैं जो बेहद खतरनाक है। और सदस्यों के यातायत संबंधी प्रश्नों के उत्तर के उत्तर भी दिए, गुड सेमिरिटन वा यातायात के दस स्वर्णिम सिद्धान्त के भी बारे में बताया। वाहन चलाते समय आवश्यक कागज साथ रखने के लिए सरकार द्वारा प्रमाणित ऐप (डीजी लाकर, एम परिवहन)में सुरक्षित रख सकते हैं, किसी भी दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तुरंत मदद करें और गुड सेमिरिटन बनी और सरकार से ईनाम भी पाए। नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 को 1 जुलाई 2024 से लागू हो गया है उसके बारे में भी बताया गया ।सभागार में उपस्थित सभी सम्मानित लोगों से अपील किया गया की वो अपने सगे संबंधियों को भी यातायात के प्रति जागरूक करें।इस कार्यशाला में एक बैच के 100 कर्मचारीयों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में पंकज श्रीवास्तव वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाप्त किया। कार्यशाला में समाजसेवी रेलवे चाइल्ड लाइन, नितीश शुक्ल, संदीप शुक्ल,प्रदीप दुबे, सतेन्द्र कुमार,आदि लोग उपस्थित थे।

## अरैल में शोकसभा का आयोजन किया गया

**नैनी।** नैनी अरैल में शोकसभा का आयोजन किया गया सोमेश्वर नाथ मंदिर के महंत शिवपुरी उर्फ खुनन बाबा के निधन पर शोक सभा का आयोजन सोमेश्वर नाथ घाट पर किया गया जिसमें महंत शिवपुरी उर्फ खुनन बाबा को श्रद्धांजलि दिया गया 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान प्रदान करें इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा जमुनापार विनोद चंद प्रजापति वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सामाजिक कार्यकर्ता बबलू पांडे बबलू तिवारी महेश वर्मा राम जी श्रीवास्तव भाजपा महानगर कार्यकारिणी सदस्य नितिन केसरवानी नीरज शर्मा सुनील कुशवाहा सोमेश्वर नाथ मंडल अध्यक्ष नागेश निषाद मंत्री दीपक पांडे पिछड़ा मोर्चा महानगर मंत्री राम लखन विश्वकर्मा बाबूजी यादव आदि सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# प्रा.वि. बाबा जी का बाग व संविलियन विद्यालय राजापुर में विद्यालय प्रबंध समिति की प्रथम बैठक संपन्न



**प्रयागराज।** ग्रीष्म अवकाश के पश्चात शासन की मंशानुसार आज विद्यालय में माह के प्रथम बुधवार में प्राथमिक विद्यालय बाबा जी का बाग व संविलियन विद्यालय राजापुर में एसएमसी की बैठक की गई ।जिसमें ए आर पी अनुरागिनी सिंह ने बैठक में प्रतिभा करते हुए दोनों ही विद्यालयों में अभिभावकों को विद्यालय में हो रहे शैक्षणिक क्रियाकलापों के बारे में अवगत कराया ।जिसमें रुचि पूर्ण तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ, शारीरिक विकास हेतु खेलकूद बच्चों का नामांकन उपस्थिति एवं ठहराव, डीबीटी से प्राप्त धनराशि का यूनिफॉर्म व बैग खरीदने में उपयोग, निपुण भारत मिशन योजना, दीक्षा एप के प्रयोग से शिक्षण कार्य, रीड अलांग ऐप से बच्चों में भाषा बोलने वह समझने की दक्षता,कक्षा एक दो व 3 के बच्चों का निपुण लक्ष्य ऐप से आकलन ,कैसे किया जाए प्रयोग करके बताया व दिखाया । अभिभावकों को ऐप को डाउनलोड करने के पश्चात डिलीट ना करने के लिए कहा। इस बारिश के समय में संचारी व पानी जनित रोग के बारे में बताते हुए उससे बचने का उपाय भी बताया । अभिभावकों को घर में अपने बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण समय देने के लिए व थोड़ी देर बैठाकर पढ़ाने के लिए प्रेरित किया । अच्छी व बुरी आदतों के के विषय में भी अभिभावकों को जागरूक किया। इस अवसर पर बाबा जी का बाग से इंचार्ज प्रधानाध्यापिका कल्याणी कुशवाहा मल्टी शुक्ला शौकत अली जी उपस्थित रहे राजापुर में इंचार्ज प्रधान अध्यापक अमानुल्लाह ने बैठक संपन्न करवाई।

# हाथरस में मृतक श्रद्धालुओं को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

## शोकाकुल परिवार को सहन शक्ति देने की हुई कामना

**अखंड भारत संदेश**


हाथरस में श्रद्धालुओं की मौत पर शोक जताते कांग्रेसी।

**प्रतापगढ़।** हाथरस सत्संग हादसे में मृतक श्रद्धालुओं की आत्मा की शान्ति हेतु जिला कांग्रेस कार्यालय पर शोकसभा हुई। शोकसभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी व संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

शोकसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि हाथरस के रतिभानपुर में हुए सत्संग हादसे में लगभग 121 लोगों के मरने व 250 लोगों के घायल होने की सूचना से मन दुखी है, ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों की आत्मा को शान्ति दे व अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करे एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। श्री त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था बद से बदतर है, किसी तरह तड़पते, कराहते घायलों को ट्रॉमा सेन्टर पहुंचाया गया तो वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से ही दम तोड़ रही थी। इस दौरान नगर अध्यक्ष इरफान अली ने हाथरस सत्संग के दौरान हुई वीभत्स घटना की सीबीआई जांच की मांग किया। इस अवसर पर सभी कांग्रेसजनों ने दो मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष नफीस खान, जिला सचिव अशोक सिंह, मो0 वसीम आदि मौजूद रहे। उधर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनीष पाल ने हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में मृतकों की आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना प्रदान करने की कामना की।

## हाथरस काण्ड पर जूबाए के अधिवक्ताओं ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**


हाथरस में श्रद्धालुओं की मौत पर शोक जताते अधिवक्तागण।

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) कार्यालय पर आम अधिवक्ताओं की शोक सभा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रोहित कुमार शुक्ला व संचालन महामंत्री सन्तोष कुमार सिंह ने किया। इस दौरान हाथरस में सत्संग में हुई भगदड़ में तमाम लोगों की मौत पर दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस दौरान मृत आत्मा को शान्ति प्रदान करे व उनके परिवार वालो को इस दुख की घड़ों में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रोहित कुमार शुक्ल व महामंत्री सन्तोष कुमार सिंह, वकील परिषद के महामंत्री विजयनाप पाण्डेय, बरिष्ठ उपाध्यक्षा पवन कुमार मिश्रा व उपाध्यक्ष राम अवध, प्रशासन मंत्री बीर विक्रमसिह व कोषाध्यक्ष सम्पूर्णानन्द बालजी ओझा व वरिष्ठ अधिवक्ता इरफान अली, भगवत्त शरण आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## गुरू पूर्णिमा पर भव्यता से होगा सांईनाथ महोत्सव, तैयारियां हुई तेज

**अखंड भारत संदेश**


महोत्सव को लेकर मंथन करते सांई भक्त।

**प्रतापगढ़।** साई दर्शन मंदिर बलीपुर में भक्तों की बैठक में गुरु पूर्णिमा पर होने वाले तीन दिवसीय परंपरागत साई नाथ महोत्सव आयोजन की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम की नगर में इस बार भी धूम मचेगी।

इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इसका मुख्य आकर्षण साई पालकी यात्रा के रूप में होगा। बैठक में अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने बताया कि आस्था के इस आयोजन का शुभारंभ बीस जुलाई शनिवार को बाबा के नगर भ्रमण पालकी शोभायात्रा से होगा। इसमें साईं नारायण संस्थान भक्त मंडल की देखरेख में भक्तगण शामिल होंगे। पहले दिन दोपहर तीन बजे बलीपुर मंदिर से बाबा की पालकी शोभायात्रा निकलेगी। दूसरे दिन इक्कीस जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व मंदिर में मनाया जाएगा। बैठक में मौजूद रोशनलाल ऊमरवैश्य, संजय खंडेलवाल, विजय शुक्ल, विनोद सिंह, आरपी सिंह राजू, शिवेंद्र नाथ मिश्र, देवव्रत मिश्र, उत्कर्ष मिश्र, ओम शुक्ल, शनिव्रत, विवेक धींगरा व शिवम मिश्र ने सुझाव रखे। मंदिर को दिव्यता से सजाया जाएगा। महिला भक्त मंडल, युवा मंडल को भी जिम्मेदारी दी जाएगी। शोभायात्रा में बैंड, डीजे, रथ व झांकी, भजन मंडली आदि रहेगी।

## बीएसए ने आठ कर्मचारियों का वेतन रोका, मांगा स्पष्टीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कम्पोजिट विद्यालय ताला सिरिस्ताबाद वि0ख0-सण्डवा चन्द्रिका में सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के माध्यम से बीएसए कार्यालय को शिकायत मिली जिस पर बुधवार की सुबह जांच करने पर पता चला कि विद्यालय से बिना किसी सूचना के आठ कर्मचारी अनुपस्थित रहे। इस पर बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने आठ कर्मचारियों हरिकेश बहादुर सिंह प्र0प्र0अ0, गिरेन्द्र सिंह स0अ0, नीलम स0अ0, तीर्थराज कोरी स0अ0, विजय कुमार स0अ0, संजय कुमार त्रिपाठी शि0मि0, उषा सिंह शि0मि0 व रमेश कुमार अनुचर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और अग्रिम आदेशों तक वेतन/मानदेय आहरण पर रोक लगा दी है। बीएसए ने कहा कि आप सभी का यह आचरण अध्यापक/कर्मचारी आचरण सेवा नियमावली के सर्वथा विपरीत है। उक्त से ऐसा प्रतीत होता है कि आप सभी अपने पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत नही हैं। बीएसए ने सात दिन के अंदर प्रमाणिक साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिस्चित करने को कहा है।

## पांच करोड़ की लागत से निर्माणाधीन नाले के अतिक्रमण पर चली जेसीबी

### एसडीएम, शहर कोतवाल व नगर पालिका के अधिकारियों ने निर्माणाधीन नाले का हटवाया अतिक्रमण

**अखंड भारत संदेश**


नाले पर हुए अतिक्रमण को हटाती जेसीबी।

**प्रतापगढ़।** शहर के गाय घाट रोड पर स्थित प्रीमियम मैरेज हाल के सामने 4.99 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन नाले पर क्षेत्रीय कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किये जाने पर आज एसडीएम सदर उदयभान, शहर कोतवाल अर्जुन सिंह, नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील, जेई सभाजीत यादव, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर, दहिलामऊ चैकी के एसआई सतीश यादव, नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह तीन जेसीबी लेकर निर्माणाधीन साकेत नाले पर पहुंचकर वहां सभी अतिक्रमण को जेसीबी से हटवा दिया।बता दें कि दहिलामऊ क्षेत्र का सारा पानी इसी नाले से सई नदी में जाएगा। इस साकेत नाले के निर्माण के समय से ही इस पर अतिक्रमण शुरु हो गया था जिसकी जानकारी मिलने पर नगर पालिका के प्रशासक एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर एसडीएम व नगर पालिका के अधिकारियों ने इस नाले का अतिक्रमण जेसीबी से हटवा दिया जिसकी आज शहर में चर्चा रही। बता दें कि नगर पालिका इस समय जिलाधिकारी के हाथों में है। नगर पालिका के इस नाले का निर्माण होने से दहिलामऊ क्षेत्र के जलभराव की समस्या दूर होगी। इसी दृष्टिकोण से इस नाले का निर्माण हो रहा है। इस पर अतिक्रमण के चलते प्रशासन ने यह कदम उठाया।

## वेतन न मिलने से क्षुब्ध मीटर रीडर ने बंद की बिलिंग, आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चार माह से वेतन न मिलने से क्षुब्ध मीटर रीडर समूह ने बुधवार को एसडीओ कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। वहीं एसडीओ को संबोधित ज्ञापन में वेतन न मिलने तथा ईपीएफ आदि के भी भुगतान न होने को लेकर भी मीटर रीडिंग बंद करने की घोषणा की। मीटर रीडर प्रमोद पाण्डेय की अगुवाई में सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले चार माह से वेतन नहीं मिल रहा है। मीटर रीडर के ईपीएफ और एसआई बीमा का भी भुगतान ठप है। इससे परिवार के भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गयी है। आक्रोशित मीटर रीडर द्वारा वेतन भुगतान न होने तक बिलिंग भी बंद किये जाने की बात कही गयी है। वहीं मीटर रीडर समूह में इस बात का भी गुस्सा दिखा कि कंपनी के द्वारा उनके देय में अनावश्यक कटौतियां भी की जा रही है। इस मौके पर ललित कुमार, प्रभाशंकर मिश्र, विजय कुमार शुक्ल, रोहित यादव, अशोक कुमार, मनीष मौर्या, प्रमोद मिश्र, बालकृष्ण शुक्ल, शिवकुमार वर्मा, आशीष सिंह, प्रदीप चैरसिया, आशुमेन्द्र, अंकित यादव, दुर्गेश मिश्र, विमल यादव, मुकेश कोरी, संजीव सिंह आदि रहे।

## पांच दिवसीय शीतला सप्तमी मेला का हुआ समापन

### मन्दिर ट्रस्ट ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के प्रति जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**


मंदिर परिसर में आरती उतारते ट्रस्ट के सचिव डा0 विजय यादव।

**परियावां, प्रतापगढ़।** पांच दिवसीय धार्मिक व पौराणिक धार्मिक नगरी मानिकपुर स्थिति सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम में आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की शीतला सप्तमी पर लगने वाला पांच दिवसीय धार्मिक व पौराणिक मेला का समापन मंगलवार को मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया गया।

मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य अनिल मौर्य के साथ देवी मां का दर्शन-पूजन करते हुए कहा कि माता रानी की कृपा से पांच दिवसीय मेला सकुशल निर्विघ्न रूप से संपन्न तो गया मेला समापन की घोषणा करते हुए डॉ विजय यादव ने कहा कि इस वर्ष शीतला सप्तमी मेला में लगभग डेढ़ लाख लाख श्रद्धालु भक्तों ने माता रानी के दरबार में मत्था टेक कर पूण्य लाभ कमाया। मेले को सकुशल संपन्न कराने में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर प्रशासन का विशेष योगदान तथा मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों व सहयोगियों की विशेष भूमिका रही। जिससे इस वर्ष मेला शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। सकुशल मेला संपन्न होने पर मेला से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों समेत विशेष रूप से नगर प्रशासन की चेयरपर्सन श्रीमती चंद्र लता जायसवाल के प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू भैया, अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक जयचंद्र भारती सहित उनकी पूरी टीम, तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेम नाथ दीक्षित, मंदिर ट्रस्ट सदस्य अनिल मौर्य, राममूर्ति यादव, फूलचंद यादव, त्रिभुवन नाथ यादव, तुलसीराम पटेल, राजकुमार यादव के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## बीती रात घर से गायब हुआ किशोर, परिजनों में मचा हड़कंप

### सूचना पर पहुंची पुलिस कर रही मामले की जांच

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर पर सो रहा 11 वर्षीय किशोर अचानक बीती रात गायब हो गया।बिस्तर से गायब बेटे को देख मां ने शोर मचा दिया। इस दौरान आसपास के लोग पहुंच और काफी खोजबीन के बाद जब किशोर का पता नहीं चला तो घटना की सूचना पट्टी पुलिस को दी। इस दौरान पट्टी पुलिस भोर तक बच्चे की तलाश करतीं रही। लेकिन कहीं पता नहीं चल सका।मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की जांच कर रही है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी अवधेश का 11 साल का बेटा उमेश बीती रात एक बजे घर से अचानक गायब हो गया। मां सरस्वती ने जब बेटे को चारपाई पर नहीं देखा तो शोर मचा दिया। इस दौरान आसपास के लोग पहुंचे और घटना की सूचना पटटी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे पट्टी कोतवाल फोर्स के साथ सारी रात बच्चों की तलाश करते रहे लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। सुबह घटना की जानकारी पर पहुंचे पट्टी का सीओ आनंद राय भी लोगों का बयान दर्ज कर बच्चों की तलाश की लेकिन पता नहीं चल सका। इस मामले में मां सरस्वती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। वही अभी तक बच्चे का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जिससे परिजन हैरान परेशान है किसी अनहोनी की आशंका का उन्हें डर सता रहा है।

## कोटेदार केवाईसी के बहाने अंगूठा लगवाकर डकार गया खाद्यान्न

### शिकायत कर ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप,शुरू हुई विभागीय जांच

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील के एक गांव के कोटेदार ने केवाईसी के बहाने कार्ड धारकों के अंगूठा को लगवाकर खाद्यान्न को डकार गया। जानकारी होने पर लोगो ने मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर की है। शिकायत के आधार पर विभाग ने जांच शुरू कर दी है।स्थानीय विकास खंड के जगन्नाथपुर के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत कर गांव के कोटेदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि कोटेदार ने केवाईसी की बात कहकर कार्ड धारकों से अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न को डकार गया। यह बात लाभार्थियों को तब जानकारी हुई जब वह राशन लेने के लिए कोटेदार के यहां गए, तो कोटेदार ने उनके राशन के वितरित होने की बात कहने लगा। कोटेदार की बात सुनकर ग्रामीण अवाक रह गए। ग्रामीणों ने कोटेदार की मनमानी की शिकायत कुछ दिन पहले 1076 पर करके न्याय की गुहार लगाई थी। शिकायत के आधार पर आपूर्ति विभाग ने जांच भी शुरू कर दी है।मंगलवार को आपूर्ति निरीक्षक गांव पहुंच कर पीड़ितों के बयान लिए। वही कुछ ग्रामीणों की मानें तो सैकड़ों से अधिक यूनिट के राशन को हड़प किया गया है। कोटेदार के कारनामें को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भी दिखाई दे रहा है। फिलहाल कोटेदार ने ग्रामीणों की शिकायत को निराधार बताया है। इस संबंध में आपूर्ति निरीक्षक ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है, मामले में सत्यता मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

# तमिल भाषा के महाव्य का साहित्यकार डा0 दयाराम ने अवधी में किया अनुवाद

### साहित्यकार व समाजसेवियों ने दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**


तमिल भाषा के महाकाव्य का अवधी अनुवाद करते डा0 दयाराम मौर्य।

**प्रतापगढ़।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्तशाषी संस्थान सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ क्लासिकल तमिल चेन्नई के निदेशक प्रो. आर. चन्द्रशेखरन द्वारा प्रदत्त सिलाप्पटिकारम अनुवाद परियोजना के अनुपालन में लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार एवं विभिन्न भाषाओं के जानकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न तमिल भाषा के सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य सिलाप्पटिकारम का अवधी भाषा में लिप्यंतरण, भाषांतरण व भावांतरण कर रहे हैं।

बता दें कि यह तमिल के पांच श्रेष्ठतम महाकाव्यों में एक है। यह ग्रीक भाषा के ओडिसी और अंग्रेजी के पैराडाइज लास्ट महाकाव्यों के समतुल्य है। 900 पृष्ठों के इस महाकाव्य में प्रस्तावना तथा मंगलाचरण के अतिरिक्त 30 सर्ग हैं। डॉ. रत्न को अनुवाद हेतु महाकाव्य का अंग्रेजी संस्करण उपलब्ध कराया गया है और इस कार्य के लिए सम्मानजनक पारिश्रमिक भी देय है। दूसरी शताब्दी में विरचित इस दिव्य महाकाव्य के रचयिता इलांकोवाटिकल हैं। प्रो. आर. चन्द्रशेखरन ने डॉ. रत्न का चयन उनके अनुवाद कौशल को दृष्टिगत रखते हुए किया है। अभी तक एक दर्जन से अधिक सुप्रसिद्ध ग्रंथों का अनुवाद डॉ. रत्न कर चुके हैं। प्रतापगढ़ के प्रबुद्धजनों ने डॉ. रत्न की इस उपलब्धि को जिले की महानतम उपलब्धि बताया है। तमिल-हिन्दी-अवधी विद्वान डॉ. एम. गोविन्द राजन ने डॉ. रत्न को अनुवाद कार्य सौंपें जाने पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि डॉ. रत्न विविध भाषा और विधा में सृजन करने वाले विलक्षण प्रातिभ के साहित्यकार हैं। वे यह महान कार्य करके उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. रेशमी पाण्डा मुखर्जी, भाषाविद डॉ. डी.पी.ओझा, साहित्य भूषण डॉ. राम बोध पाण्डेय और हरीलाल मिलन, विज्ञान भूषण विजय चितौरी, कवि लखन प्रतापगढ़ी, रोशनलाल ऊमरवैश्य, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, अमर नाथ गुप्ता बेजोड़, अनिल कुमार निलय, राकेश कनौजिया इत्यादि ने डॉ. रत्न को शुभकामना दी।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री ने किया पौधरोपण

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक होना चाहिए नहीं तो आने वाले समय में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा ऐसे में सभी को एक-एक पौधा लगाने के साथ ही उसका संरक्षण करना चाहिए। इस दौरान पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल, राजू सिंह, रामचरित्र वर्मा, गौरव श्रीवास्तव समेत नगर के तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने किया सदर विधान सभा में किया पौधरोपण

**अखंड भारत संदेश**


महुली में पौधरोपण करते सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाह्न पर एक जुलाई से 7 जुलाई तक हरित चेतना के लिए पीडीए पेड़ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत आज बुधवार को तीसरे दिन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की अगुवाई में सदर विधानसभा के अंतर्गत चिलबिला, महुली, देवकली में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। एवं मौजूद सभी जनमानस से पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण की अपील की। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मनीष पाल, अनिल कुमार मौर्या, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष जगदीश यादव, पिछड़ा वर्ग महासचिव विशाल मौर्या, नगर अध्यक्ष राहुल प्रजापति, इमरान खान, रमाशंकर प्रजापति, रवि सोनी, मोहन प्रजापति, प्रदीप मौर्या, सदर ब्लाक अध्यक्ष सुशील पाल, सदर विधानसभा अध्यक्ष विश्वनाथ पाल सहित अन्य क्षेत्रवासी एवं नेतागण उपस्थित रहे।

## गैरजनपद का हत्यारोपी धराया

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अयोध्या जिले में हत्या की वारदात में वांछित आरोपी को पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ धर दबोचने में सफलता ली है। लालगंज के उपनिरीक्षक दीपक यादव बुधवार को फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे। नगर के संगम चौराहे के समीप एक आरोपी पुलिस टीम को देख पीछे भागने लगा। पुलिस को शंका हुई तो उसे पूछताछ के लिए धर दबोचा। पुलिसिया पूछताछ में जानकारी हुई कि अभियुक्त अयोध्या जिले के नितिन राणा उर्फ नितिन भारती पुत्र विनोद कुमार सिंह अयोध्या जिले के हैदरगंज थाना के हैदरगंज का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ तारून थाने में हत्या का अभियोग पंजीकृत है। अयोध्या पुलिस से बचने के लिए वह घटना के बाद से इधर उधर लुक छिप रहा है।

## संपादक की कलम से

# अपनी रणनीति में सफल हुए राहुल

राहुल की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उन्होंने दूसरों के पिच पर खेलने की जगह अपनी पिच पर बैटिंग की। सरकार की तरफ से पहले बोलते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने आपातकाल और संविधान की बात की लेकिन राहुल ने सत्ता पक्ष के लोगों को बार-बार रूल बुक और संविधान दिखाने के लिए बाध्य किया पर उस चर्चा में नहीं गए।

आज तो गर्दा उड़ा दिया', फेसबुक की एक एक लाइन की टिप्पणी पर इस लेखक को जैसी और जितनी प्रतिक्रिया मिली वह बताती है कि विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी का पहला भाषण सफल रहा। राहुल गांधी संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। उनका भाषण सौ मिनट का हुआ और लोकसभा चुनाव से जीवंत हुए विपक्षी खेमे में इस दौरान जो उत्साह दिखा वह तो उल्लेखनीय था ही, सत्ता पक्ष में जिस किस्म की हड़बड़ी दिखी उससे भी लगता है कि राहुल अपनी रणनीति में सफल हुए। इस भाषण के तत्काल बाद भाजपा की तरह से दो केन्द्रीय मंत्रियों और मुख्य पार्टी प्रवक्ता ने प्रेस कांफ्रेंस करके अपना पक्ष रखा या राहुल की बातों को काटने की कोशिश की। और फिर तो मीडिया मैनेजमेंट और भाजपा का प्रचार सेल तरह-तरह से हमले या राहुल की कमियां बताने के अभियान में जुट गया। पर जो जीवंतता संसद के अंदर दिखी वह टीवी चैनलों और अखबारों में भी झलकी और हर जगह राहुल को वह स्थान और प्रमुखता मिली जो आम तौर पर उनके हिस्से नहीं आती थी। यू-ट्यूब समेत सोशल मीडिया पर तो चुनाव के आसपास से ही राहुल और प्रतिपक्ष को एक किस्म की बढ़त रही है। वहां स्वाभाविक तौर पर इस भाषण ही नहीं इस सौ मिनट के पूरे तमाशे का शोर रहा।

राहुल के भाषण का कंटेन्ट भी बदला है, लेकिन सबसे ज्यादा उनका तरीका बदला है। अब यह पूरी तरफ मैच्योर और लाइन पर आ गया हो यह कहना कठिन है। कांग्रेस के जयपुर अधिवेशन में कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने पर उन्होंने जबरदस्त भाषण दिया था, इस संसद में भी एक-दो बार उनका भाषण अच्छा हुआ है, लेकिन बाद के व्यवहार से उनका असर धुल गया। इस बार भी वे अगर हिन्दू समाज या भारतीय समाज में शांति, अहिंसा, निर्भयता जैसे गुण बताने के लिए तस्वीरें दिखाने जैसे काम न करते तो बेहतर प्रभाव होता। यह सब नाटक जैसा लगा। और केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव का यह टोकना भी काफी हद तक सही था कि अपने भाषण के काफी व्यक्त राहुल ने अध्यक्ष के आसन की तरफ पीठ भी दिखाई। विपक्ष के नेता को इतना तो आना ही चाहिए किए सारा सम्बोधन अध्यक्ष की तरह हो अपने साथियों की तरफ अलग से ध्यान देना जरूरी नहीं है। कुछ विषयों पर कम या ज्यादा जोर देने की बात भी की जा सकती है। दो दिन पहले आप नीट की चर्चा के लिए अभिभाषण रुकवाना चाहते थे लेकिन सौ मिनट के भाषण में उसकी चर्चा काफी कम थी।

राहुल की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उन्होंने दूसरों के पिच पर खेलने की जगह अपनी पिच पर बैटिंग की। सरकार की तरफ से पहले बोलते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने आपातकाल और संविधान की बात की लेकिन राहुल ने सत्ता पक्ष के लोगों को बार-बार रूल बुक और संविधान दिखाने के लिए बाध्य किया पर उस चर्चा में नहीं गए। उन्होंने अग्निवीर योजना, नीट परीक्षा में धांधली, किसानों को उचित मूल्य, मणिपुर, अध्यक्ष के भेदभावपूर्ण व्यवहार (जिसमें अपने माइक को बंद किए जाने का मसला भी था), भाजपा और संघ के हिन्दुत्व और सरकार की पूंजीपतियों के प्रति उदारता को निशाना बनाया और इस तरह बात रखी कि प्रधानमंत्री समेत पांच केन्द्रीय मंत्री बीच में दखल देने खड़े हुए। प्रधानमंत्री ने दो बार, अमित शाह और राजनाथ सिंह ने तीन-तीन बार और शिवराज चौहान, किरण रिजिजु और भूपेन्द्र यादव ने खड़े होकर दखल दी। वे राहुल के तीखे हमलों पर शांत न बैठ पाए। खुद अध्यक्ष ने दो बार लंबी सफाई दी पर बात साफ नहीं हुई। यही राहुल के प्रदर्शन का शीर्ष बिंदु है। शोर तो मचता ही रहा पर सत्ता पक्ष और प्रतिपक्षी बेंचों से उठने वाले शोर में फर्क था।

राहुल ने असली चमत्कार सीधे प्रधानमंत्री को भगवान बनाने वाली मानसिकता पर हमला करने के साथ उनके 'खौफज् को निशाना बनाकर किया। न चाहते हुए भी यहां गांधी के चंपारण आंदोलन की चर्चा लानी पड़ती है जिस पर इस लेखक ने काफी काम किया और सारे अध्ययन का लब्बोलुवाब यह था कि गांधी ने चंपारण के किसानों के अंदर से गोरी चमड़ी का डर भगा दिया। और यह चीज चंपारण तक रहने की जगह देश और दुनिया में सभी जगह पहुंची और अंग्रेजी साम्राज्य को विदा होने में ज्यादा वक्त नहीं लगा। राजनाथ सिंह द्वारा बाहर मुस्कुराकर नमस्कार करना पर सदन में प्रधानमंत्री की मौजूदगी के चलते नजर छुपाना और नितिन गडकरी द्वारा भी मोदी जी से खौफ खाने की बात की तो सबको लगा कि तीर निशाने पर है। पार्टी का अनुशासन एक चीज है, साझा जवाबदेही भी एक चीज है लेकिन भाजपा में मोदी युग में जो चल रहा है उसे इन दो बातों की जगह खौफ से ज्यादा बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। और जब भाजपा और उसके शीर्ष के लोगों में इतना खौफ बनाया जाए तो फिर शासन व्यवस्था, राजनीति, मीडिया और समाज में खौफ की बात करना/समझाना आसान हो जाता है। राहुल ने इससे भी ज्यादा मजेदार प्रसंग लोकसभा अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री को झुककर प्रणाम करने का उठाया और कहा कि आप सदन के सर्वेसर्वा हैं, आपको किसी के आगे नहीं झुकना चाहिए। अध्यक्ष भी तत्पर थे और उन्होंने इसे तत्काल अपने संस्कार से जुड़ा बताकर अपनी जान छुड़ाई। राहुल का कथन सही है, उसे संस्कार की आड़ में नहीं छुपाया जा सकता। संयोग से राज्यसभा के अध्यक्ष का व्यवहार और ज्यादा पक्षपातपूर्ण दिखा।

## जलवायु परिवर्तन के कारण घट रहे हैं प्रॉपर्टी के दाम

जलवायु परिवर्तन के कारण प्रॉपर्टी के दाम इतने ज्यादा घट सकते हैं कि अरबों डॉलर का सफाया हो जाए. इसका आम लोगों और अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया के एक कस्बे लिजमोर में दो साल पहले जब बाढ़ आई तो एंटीक स्टोर चलाने वाले एडम बेली को खासा नुकसान हुआ. उनकी दुकान का काफी सामान खराब हो गया जिनमें कई दुर्लभ और प्राचीन चीजें थीं, मसलन पहले विश्व युद्ध की तस्वीरें। वह पूरा अनुभव इतना दर्दनाक था कि अब भी अगर रात को बारिश होती है तो बेली सो नहीं पाते. अपनी नई दुकान का बीमा करवाने के लिए उन्हें 80 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी लगभग 45 लाख रुपये की जरूरत है. लेकिन उनके पास इतना धन नहीं है। 1988 से लिजमोर में रह रहे बेली कहते हैं, "मेरे पास किसी तरह का बीमा नहीं है और अगर फिर से बाढ़ आई तो मेरे लिए उसका मतलब होगा, पूरी तरह बबार्दी.ह्व बात सिर्फ बीमे की नहीं है. उनकी प्रॉपर्टी की कीमत भी गिर चुकी है.

**कीमतों में भारी गिरावट**

44 हजार की आबादी वाले लिजमोर कस्बे में दो साल पहले आई बाढ़ के बाद प्रॉपर्टी की कीमतें 30 फीसदी तक गिर चुकी हैं. जलवायु परिवर्तन किस तरह प्रॉपर्टी की कीमतों को प्रभावित कर रहा है, लिजमोर उसकी एक मिसाल है.

**दिल्ली कभी तप रही है, कभी डूब रही है, ऐसा क्यों हो रहा है?**

नीति निमार्ता, शोधकर्ता और प्रॉपर्टी बाजार के विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में जो लोग प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, वे जलवायु परिवर्तन के खतरों को ध्यान में नहीं रख रहे हैं. अपने खूबसूरत समुद्र तटों के लिए मशहूर इन देशों में बीच के करीब रहना बहुत से लोगों की ख्वाहिश होती है लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ता समुद्री जल स्तर इस ख्वाहिश को एक बुरे सपने में बदल सकता है.

**हो सकता है अरबों का नुकसान**

जलवायु परिवर्तन के खतरों पर अध्ययन करने वाली संस्था क्रॉस डिपेंडेंसी इनिशिएटिव (एक्सडीआई) के आंकड़े कहते हैं कि कुदरती आपदाओं के कारण 2030 ऑस्ट्रेलिया के प्रॉपर्टी बाजार से लगभग 800 अरब डॉलर यानी लगभग 6,681 खरब रुपये का सफाया हो जाएगा. यह कुल कीमत का 6.7 फीसदी है.।

# हाथरस हादसे में मौतों की जवाबदेही तय हो

**- ललित गर्ग -**

उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में एक सौ इक्कीस लोगों के मरने एवं सैकड़ों लोगों के घायल होने की हृदयविदारक, दुःखद एवं दर्दनाक घटना ने पूरे देश को विचलित किया है। ऐसी घटनाएं न केवल प्रशासन की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदारी को उजागर कर रही है बल्कि धर्म के नाम पर पनप रहे आडम्बर, अंधविश्वास एवं पाखण्ड को भी उजागर कर रही है। ऐसी त्रासदियां एवं दिल को दहलाने देने वाली घटनाओं से जुड़े पाखण्डी बाबाओं की कारगुजारियों से हिन्दू धर्म भी बदनाम हो रहा है, जबकि सैकड़ों लोगों की जान लेने वाले बाबा को हिंदू धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। यह हादसा अनेक सवालों को खड़ा करता है, बड़ा सवाल है कि ऐसे बड़े आयोजन में सुरक्षा उपायों की अनदेखी क्यों होती है? सवाल उठता है कि इतना बड़ा आयोजन बिना पुख्ता इंतजाम के किसकी अनुमति से किया जा रहा था? क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया गया? क्या इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस-प्रशासन का नहीं होता? क्या आयोजन-स्थल पर निकास द्वार, पानी, हवा, वैकल्पित चिकित्सा एवं चिकित्सक, गर्मी से बचने के पुख्ता इंजताम जरूरी नहीं थे? जवाबदेही तय हो भगदड़ में गयी जानों की। जाहिर है मौतों के बढ़ते आंकड़ों के साथ ही घटना पर लीपापोती की कोशिश भी जमकर होगी, राजनीतिक दल एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर राजनीति भी करेंगे। यह तय है कि ऐसे बाबाओं की दुकान बिना राजनेताओं के वरदहस्त के चलनी संभव नहीं है।

हाथरस के सिकंदराराऊ के निकट फुलरई के एक खेत में कथित हरि बाबा के एक दिवसीय सत्संग के दौरान यह हादसा हुआ। इस बाबा से जुड़ी बातें विसंगतियों से भरी है। सफेद कोट-पेंट, टाई पहनने वाला यह बाबा कोई पंडित नही है न साधु संत है, यह जूता पहनकर प्रवचन देता था। इस बाबा को कितने वेद पुराण का ज्ञान है? यह किस परंपरा से है? इसके गुरु कौन हैं? ऐसे अनेक प्रश्न है जो बाबा को शक एवं संदेह के घेरे में लेते हैं। इन्हें हिन्दू बाबा कैसे कहा जा सकता है? हिंदू धर्म में ऐसा कहां होता है? यह बाबा पहले पुलिस सेवा में थे और जिनका मैनपुरी में भव्य एवं महलनुमा आश्रम है। घटना के बाद बाबा फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। भारत में भोली-भाली जनता को ठगने एवं गुमराह करने वाले ऐसे पाखण्डी बाबाओं की बाढ़ आई हुई है। इस तरह की घटनाएं केवल जनहानि का कारण ही नहीं बनतीं, बल्कि देश एवं धर्म की बदनामी भी कराती हैं। इन घटनाओं पर पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के बजाए राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय भी।

हाथरस की घटना कितनी अधिक गंभीर एवं चिन्ताजनक हैं, इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा में अपने संबोधन के बीच इस हादसे की जानकारी दी एवं शोक-संवेदना व्यक्त की। दुनिया भर में इस घटना को लेकर दुःख जताया जा रहा है। यह तय है कि हाथरस में इतनी अधिक संख्या में लोगों के मारे जाने पर शोक संवेदनाओं का तांता लगेगा, लेकिन क्या ऐसे हादसों को नियंत्रित करने वाले ऐसे कोई उपाय भी सुनिश्चित कर सकेंगे, जिससे भविष्य में देश को शर्मिंदा करने वाली ऐसी घटना न हो सके? प्रश्न यह भी है कि आखिर धार्मिक



आयोजनों में धर्म-कर्म का उपदेश देने वाले लोगों को संयम और अनुशासन की सीख क्यों नहीं दे पाते? कब तक ऐसे आयोजन धन कमाने के माध्यम बनते रहेंगे, जब जब धर्म का ऐसे पाखण्ड एवं पाखण्डियों से गठबंधन हुआ है, तब तक धर्म अपने विशुद्ध स्थान से खिसका है। यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि कई बार ऐसे आयोजनों में भगदड़ का कारण लोगों का असंयमित व्यवहार भी बनता है। ऐसा लगता है कि अपने देश में धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में कोई इसकी परवाह नहीं करता कि यदि भारी भीड़ के चलते अव्यवस्था फैल गई तो उसे कैसे संभाला जाएगा? क्या इसलिए कि प्रायः मारे जाने वाले लोग निर्धन एवं गरीब वर्ग के होते हैं?

एक डरावनी एवं संवेदनहीन हकीकत है कि हम ऐसे धर्म एवं धार्मिकता से जुड़े पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखते। हाल के दिनों में भीड़भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में भगदड़ में लोगों के मरने के मामले लगातार बढ़े हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि भीड़ के बीच होने वाले हादसों को कैसे रोका जाए। दो साल पहले माता वैष्णो देवी परिसर में भगदड़ में बारह श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। अप्रैल 23 में बनारस की भगदड़ में 24 लोग मरे थे। खाटू श्याम में भी भीड़ में दब कर 4 लोगों की मौत हुई। इंदौर में पिछले साल रामनवमी के दिन बावड़ी की छत गिरने से पैंतीस लोग मर गये थे। इसी तरह 2016 में केरल के कोल्लम के एक मंदिर में आग लगने से 108 लोगों की मौत हुई और दौ से अधिक घायल हुए थे। पंजाब के अमृतसर में दशहरे के मौके पर रावण दहन देख रहे साठ लोगों के ट्रेन से कुचलकर मरने की घटना को नहीं भूले हैं। देश में भीड़ की भगदड़ से होने वाले 70 फीसदी हादसे धार्मिक आयोजनों के दौरान ही होते हैं। हाल में दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल से जुड़ा हादसा मुसलमानों के पवित्र स्थल मक्का में हुआ, जहां हज यात्रियों पर गर्मी का सितम इस कदर कहर बना कि 900 से ज्यादा मौतें हुई, जिनमें 90 भारतीय ने भी जाने गंवाई।

विडम्बना है कि इन बड़े-बड़े हादसों से न तो जनता कुछ सीख लेती और न ही प्रशासन। यह हैरानी की बात है कि किसी ने यह देखने-समझने की कोई कोशिश नहीं की कि भारी भीड़ को संभालने की पर्याप्त व्यवस्था है या नहीं? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि इस आयोजन की अनुमति देने वाले अधिकारियों ने भी कागजी खानापूर्ति करके कर्तव्य की इतिश्री कर ली। यदि ऐसा नहीं होता तो किसी ने इस पर अवश्य ध्यान दिया होता कि आयोजन स्थल के पास का गड्ढा लोगों की जान जोखिम में डाल सकता है। जैसे-जैसे जीवन में धर्म का पाखण्ड फैलता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे-जैसे प्रशासनिक सर्तकता की बात सुनाई देती है, वैसे-वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, ऐसे आयोजनों में मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर-शराबें के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो ऐसे जघन्य हादसों की संख्या घट सकती है।

बहरहाल आने वाले दिनों में जांच के बाद किसी के सिर पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ा जाएगा। मगर इन मौतों का कसूरवार कौन है? जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनकी कमी कैसे पूरी होगी? कहा जा रहा है कि यह एक निजी कार्यक्रम था, कानून व्यवस्था के लिये प्रशासन की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन आयोजन स्थल पर भीतरी व्यवस्था आयोजकों के द्वारा की जानी थी। अब बड़े अधिकारियों का घटना स्थल पर जाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। उनके तीन मंत्री पहले से वहां पहुंचे हुए है। इस एवं इससे जुड़ी कार्रवाइयों से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि उत्तर प्रदेश सरकार ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और दोषी लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है, क्योंकि आमतौर पर यही देखने में आता है कि इस तरह के मामलों में कार्रवाई के नाम पर कुछ अधिक नहीं होता। इसी कारण रह-रहकर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं और उनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी जान गंवाते हैं। इसके बावजूद कोई सबक सीखने को तैयार नहीं दिखता है। धार्मिक आयोजनों में अव्यवस्था और अनदेखी के चलते लोगों की जान जाने के सिलसिले पर इसलिए विराम नहीं लग पा रहा है, क्योंकि दोषी लोगों के खिलाफ कभी ऐसी कार्रवाई नहीं की जाती, जो नजीर बन सके।

प्रेषकः
(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन,
पटपड़गंज, दिल्ली-92

## प्रधानमंत्री के भाषण से निराश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को जब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे, तो एक बार फिर उनके लहजे में बड़बोलेपन और अहंकार के भाव के साथ-साथ विपक्ष के लिए घृणामिश्रित उपेक्षा का भाव नजर आया। श्री मोदी के भाषण को सुनकर ऐसा लगा कि सोमवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जो भाषण दिया था, उसकी चोट से उबरने में अभी उन्हें वक्त लगेगा। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने साफ शब्दों में यह बता दिया था कि भाजपा हिंदू धर्म की शिक्षा पर नहीं चलती है और जिस हिंदुत्व को वह बढ़ावा देती है, उससे नफरत और हिंसा फैलती है। राहुल गांधी के इस वक्तव्य पर संसद में खड़े होकर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके साथियों ने आपत्ति व्यक्त की थी। इसके बाद आधी रात को श्री गांधी के भाषण से उन हिस्सों को हटा दिया गया, जिनमें भाजपा पर चोट की गई थी। राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर इन हिस्सों के हटाए जाने पर अपनी असहमति दर्ज कराई है। इसके अलावा राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री को भी एक पत्र लिखा, जिसमें नीट परीक्षा पर चर्चा की मांग फिर से की है।

प्रधानमंत्री मोदी राहुल गांधी के पत्र का जवाब देंगे या नहीं, इस पर अब संदेह होता है। क्योंकि मंगलवार को अपने भाषण में उन्होंने राहुल गांधी के लिए एक बार फिर अपमान भरे लहजे में बालकबुद्धि शब्द का प्रयोग किया। श्री मोदी ने कहा कि बालक बुद्धि में न बोलने का ठिकाना होता है और न ही बालक बुद्धि में व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। जब ये बालक बुद्धि पूरी तरह सवार हो जाती है, तो सदन में भी किसी के गले पड़ जाते हैं। ये बालक बुद्धि अपनी सीमाएं खो देती है, तो सदन के अंदर बैठकर आंखें मारते हैं। इनकी सच्चाई अब पूरा देश समझ गया है। इसी तरह श्री मोदी ने एक किस्सा सुनाया कि एक बच्चा 99 अंक लाने की बात करता है, लेकिन बाद में पता चलता है कि उसने सौ में नहीं 543 में 99 अंक हासिल किए हैं। इन दो उदाहरणों से ही साबित हो जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भी पहले की तरह संवेदनहीनता का परिचय देते रहेंगे। श्री मोदी ने एक बार आईआईटी रुड़की के छात्रों से चर्चा के दौरान डिस्लेक्सिया बीमारी का जिक्र निकलने पर भी राहुल गांधी पर तंज कस कर बता दिया था कि उनके मन में मानसिक रोगियों के लिए किस तरह हिकारत का भाव है। जब राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए उन्होंने मंगलवार को सदन में बालकबुद्धि शब्द का इस्तेमाल किया, तब भी यही हिकारत जाहिर हुई। क्योंकि बुद्धिमत्ता के गढ़े गए पैमाने पर, यानी मानक आईक्यू स्तर पर जिन लोगों के अंक कम आते हैं, उनके लिए बालकबुद्धि जैसी बातें कही जाती हैं। संभवतः एनडीए सरकार के लिए नीट, मणिपुर, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, अग्निवीर के नाम पर देश की सुरक्षा के साथ खेला गया खेल, किसानों से छल, विकास के नाम पर आ रही तबाही, ऐसे सारे मुद्दे गौण हैं, तभी इन पर चर्चा की बात करने वाले राहुल गांधी के लिए बालकबुद्धि जैसे शब्द का इस्तेमाल किया गया है। श्री मोदी हर साल परीक्षा पर चर्चा भी करते आए हैं। एक्जाम वारियर नाम से किताब भी उन्होंने लिखी है। उन्हें शायद पता होगा कि इस देश में हर साल ऐसे हजारों बच्चे आत्महत्या करते हैं, जो युद्ध का मैदान बना दी गई परीक्षा में खुद को हारा हुआ महसूस करते हैं। जबकि असल बात यह है कि परीक्षा को युद्ध बना देना सरकार की विफलता है और उससे भी बड़ी विफलता यह है कि बच्चों के सामने अंकों का महत्व उनकी जिंदगी से ज्यादा जरूरी बना दिया गया है। अगर श्री मोदी इस विफलता को समझते तो वे कांग्रेस की 99 सीटें लाने की तुलना 543 में 99 अंकों से नहीं करते। यह सही है कि इंडिया गठबंधन को इस बार पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, लेकिन यह भी अकाट्य सत्य है कि इस बार के चुनावों में विपक्ष की सीटें बढ़ी हैं और अगर इंडिया गठबंधन खरीद-फरोख्त का खेल करता तो शायद बहुमत का आंकड़ा पार कर लेता। लेकिन उसने जनादेश को स्वीकार किया, क्योंकि वह जानता है कि जनता ने उसे इस भरोसे के साथ सदन में भेजा है कि वह लोकतंत्र और संविधान की रक्षा में अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएगा। इसलिए राहुल गांधी ने यह कहा कि वे विपक्ष में बैठकर भी प्रसन्न हैं, क्योंकि उनके लिए सत्ता से अधिक महत्वपूर्ण जनता की आवाज है। श्री मोदी कांग्रेस की 99 सीटों को बड़ी पराजय कहते हुए यह भूल जाते हैं कि कांग्रेस की सीटें इस बार बढ़ी हैं और भाजपा की सीटें कम हुई हैं।

# रामविलास पासवान दलित महानायक एवं विकासपुरुष थे

**- ललित गर्ग -**

बिहार की राजनीति में चमत्कार घटित करने वाले, भारतीय दलित राजनीति के शीर्ष नेता एवं पूर्व केन्द्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्री श्री रामविलास पासवान का जीवन राजनीति में नये मूल्यमानक गढ़ने का प्रेरक रहा है जिन्होंने राजनीति में पाँच दशकों से भी ज्यादा समय तक सक्रिय रहकर विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री तक की जिम्मेवारी बखूबी निभाई थी। पासवान को एक ऐसा नेता माना जाता है जिन्हें हर धर्म और समुदाय के लोगों का प्यार व समर्थन हासिल हुआ और वे देश में विकास पुरुष के तौर पर जाने गए। मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू के में पासवान की अहम भूमिका रही। उनके रेलमंत्रित्व काल में बिहार में कई परियोजनाएं शुरू हुई और जिस भी मंत्रालय में वे रहे, उनकी चिंताओं के केंद्र में हमेशा गरीब-गुरबा और हाशिए पर रहनेवाले लोग ही रहे। रामविलास पासवान का जीवन दलित सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का एक जीवंत दस्तावेज है। 5 जुलाई 2024 को उनका 78वां जन्म जयन्ती समारोह राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। रामविलास पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी की वर्ष 2000 में स्थापना की एवं संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से उनका राजनीति सफर शुरू हुआ। वे अकेले ऐसे राजनीतिक व्यक्तित्व थे जिन्हें अनेक प्रधानमंत्रियों के साथ काम करने का मौका मिला और वे दो बार लोकसभा में सदन के नेता भी रहे। उन्होंने 1977 में हाजीपुर से रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीत कर एक अनूठा इतिहास बनाया।



उन्होंने दलितों से लेकर सर्वहारा वर्ग के लिये हमेशा आगे बढ़कर एक कर्मयोद्धा की भांति लड़ाई लड़ी। 1969 से अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाले रामविलासजी ने जेपी आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और फायरब्रांड समाजवादी के रूप मे उभरे। वे वंचित वर्गों की आवाज मुखर करने वाले तथा हाशिए के लोगों के लिए सतत संघर्षरत रहने वाले जनसेवक थे। उनका जीवन राजनीति में न केवल दलितों-वंचितों के उन्नायक महानायक बल्कि उच्च चारित्रिक एवं नैतिक मूल्यों का प्रेरक था।

पासवानजी का जन्म बिहार के खगरिया जिले के अलौली प्रखंड के शाहरबन्नी गाँव में हुआ। अनुसूचित जाति के परिवार में पिता जामुनजी पासवान एवं माता सियादेवी की कुक्षी से आपका जन्म 5 जुलाई, 1946 को हुआ। उन्होंने 1960 के दशक में राजकुमारी देवी से पहली शादी की जिसे 1981 में तलाक दे दिया था। उनकी पहली पत्नी राजकुमारी से उषा और आशा दो बेटियां हैं। 1983 में, अमृतसर से एक एयरहोस्टेस और पंजाबी हिन्दू रीना शर्मा से दूसरा विवाह किया। जिससे उनके एक बेटा और बेटी है। उनके बेटे चिराग पासवान एक अभिनेता से राजनेता बने हैं, वर्तमान में लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष है और हालही में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल कर वे अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए केन्द्रीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ह्नहनुमानह्न के रूप में वे उनके विश्वासपात्र है।

श्री रामविलास पासवान का राजनीति जीवन अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं का समवाय रहा है। उन्होंने 11 बार चुनाव लड़ा और उनमें से नौ बार जीत हासिल की थी। वे सत्रहवीं लोकसभा में मोदी सरकार में एक बार फिर से उपभोक्ता मामलात मंत्री बने। बिहार में कभी बड़ी ताकत नहीं बन पाए पासवान ने दिल्ली की राजनीति में खुद को एक ताकत बनाए रखा और तीन दशकों तक देश के विभिन्न प्रधानमंत्रियों की जरूरत बने रहे। विश्वनाथ प्रताप सिंह, एच डी देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल, अटल बिहारी बाजपेयी, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी की सरकारों में भी अहम पदों पर रहे। भारतीय राजनीति के इस जुझारू एवं जीवट वाले नेता ने राजनीति में कर्मयोगी की भांति जीवन जीया। यह सच है कि वे बिहार के थे यह भी सच है कि वे लोजपा के थे किन्तु इससे भी बड़ा सच यह है कि वे राष्ट्र के थे, राष्ट्रनायक थे। देश की राजनीति में वे दुर्लभ एवं संवेदनशील व्यक्तित्व थे। गरीबों, वंचितों, दलितों की आवाज बनने वाले इस विलक्षण राजनेता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की अनेक विशेषताएं थी, वे उदात्त संस्कार, लोकजीवन से इतनी निकटता, इतनी सादगी-सरलता, इतना धर्म-संस्कृतिप्रेम और इतनी सचाई ने उनके व्यक्तित्व को बहुत और बहुत ऊँचा बना दिया था। वे अन्तिम साँस तक देश की एवं दलितों-वंचितों की सेवा करते रहे। उनका निधन एक राष्ट्रवादी सोच की राजनीति एवं सर्वहारा वर्ग के मसीहा महानेता का अंत था। वे सिद्धांतों एवं आदर्शों पर जीने वाले व्यक्तियों की श्रृंखला के प्रतीक थे। उनके जीवन को राजनैतिक जीवन में शुद्धता की, मूल्यों की, संस्कृति की, दलित राजनीति की, सर्वहारा वर्ग के लिये संघर्ष की, सिद्धांतों पर अडिग रहकर न झुकने, न समझौता करने की प्रेरकता का विलक्षण एवं अनुकरणीय उदाहरण था। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे।

## अषाढ माह मेला तीन जोन-13 सेक्टर में बांटा

### मेला सकुशल सम्पन्न कराने को प्रशासन ने कसी कमर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अषाढ़ मास अमावस्या मेला को सकुशल सम्पन्न कराने को अधिकारियों की बैठक में कहा कि चार से छह जुलाई तक मेला चलेगा। मेला को सम्पन्न कराने को तीन जोन व 13 सेक्टर में बांटा है।

बुधवार को कलेक्टेड्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट समेत पर्याप्त पुलिस बल मेला में लगाया है। एक्सईएन सिंचाई से कहा कि बारिश के मद्देनजर रामघाट पर मंदाकिनी गंगा पर बाढ़ को देखते हुए व्यवस्था रहे। घाट की सीढ़ियों की अच्छे से सफाई कराकर बैरिकेडिंग, गोताखोर, नाव की व्यवस्था की जाये। एसडीएम सदर व ईओ से कहा कि परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर अतिक्रमण हटायें। बरसात होने पर परिक्रमा पथ पर जहां फिसलन है, वहां डीएसओ व डिप्टी आरएमओ से बोरो की व्यवस्था कराकर डलवायें, ताकि श्रद्धालुओं को समस्या न हो। ईओ से कहा कि सीसीटीवी कैमरा रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर चलते रहें। पीए सिस्टम की व्यवस्था करायें। आवारा पशु न घूमने पायें, कर्मचारी लगायें। कैटिल कैचर की व्यवस्था करें। रामघाट व परिक्रमा पथ पर केला के ठेला न लगें। साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था चैकस रहे। एडीएम से कहा कि मप्र के अधिकारियों से तालमेल करें, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन की जानकारी रहे। अमावस्या मेला संपन्न कराने को एआरटीओ से कहा कि वाहनों का किराया निर्धारित कर टैम्पो-टैक्सी पर चस्पा करायें। किसी भी दशा में ओवरलोड सवारियां वाहनों में न भरें। खाद एवं आपूर्ति विभाग के लोग खाद्य सामग्री की जांच करें। दुकानों में गैस सिलेंडरों की जांच की जाये। स्वास्थ्य सेवायें व एम्बुलेंस की व्यवस्था रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि मेला में अधिकारी-कर्मचारी व पुलिस बल श्रद्धालुओं से मानवीय बर्ताव करें। जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि पुलिस अधिकारियों से तालमेल बनायें। तैनाती क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर पैनी नजर से मेला सम्पन्न करायें। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, डीएफओ नरेन्द्र सिंह, एसडीएम सौरभ यादव, मऊ एसडीएम राकेश कुमार पाठक, एक्सईएन सिंचाई, डीएसओ, डिप्टी आरएमओ, ईओ नगर पालिका आदि मौजूद रहे।


बैठक में निर्देश देते डीएम।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पति में कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दम्पति में सुलह कराई।

बुधवार को अतर्रा रोड बबेरू बांदा के राजेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र छोटेलाल तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पुत्री श्रीमती अंशु को पति जितेन्द्र पयासी पुत्र धर्मेन्द्र पयासी उर्फ बड़कू भौंरी थाना रैपुरा व ससुरालीजन मारपीट, लड़ाई-झगड़ा कर दहेज को प्रताड़ित करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, महिला सिपाही मंजूलता के पास भेजा। उन्होंने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया।


विवाद सुलझाती पुलिस।

## 40 लडकियों को दिया कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वनांगना ने जिले के दो ब्लाक व दो गांव तथा सात मोहल्ले की लडकियों को 15 दिवसीय प्रतिभा विकास कार्यक्रम कर कम्प्यूटर प्रशिक्षण का समापन किया।

बुधवार को कर्वी-मानिकपुर ब्लाक की 40 लडकियों को 15 दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का संचालन प्रियांशी सिंह व स्वागत रानी देवी तथा उद्देश्य मंजू सोनी ने बताये। वरिष्ठ संदर्भ समूह शबीना मुमताज ने उद्देश्य बताते हुए मंच से जुडने के फायदे बताये। कम्प्यूटर रिसोर्स शमीम अहमद ने लडकियों को 15 दिन कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी दी। इस दौरान नाटक, कव्वाली, नात-शरीफ, कम्प्यूटर व व्यक्तिगत अनुभव प्रस्तुतीकरण और महिलाओं के भाषण हुए। प्रस्तुतीकरण में सुधा, अलीसा, रंजना, सना बेगम, अंजू, कविता, मिस्बा, रेश्मा, अंजली, शिवांगी, सादिया, श्रद्धा, प्रतिभा, सिया, प्रियंका व शोबिया ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। बतौर मुख्य अतिथि खबर लहरिया की बुन्देलखण्ड डायरेक्टर मीरा, वनांगना डायरेक्टर पुष्पा शर्मा, आशा बहू अनुसुइया शामिल रही। आभार अवधेश गुप्ता ने जताया।


प्रशिक्षण देती वनांगना।

## विद्युत पोल सपोर्ट में करंट से भैंस की मौत

**पहाडी/चित्रकूट।** राजापुर तहसील के सरधुवा थाना क्षेत्र के भदेहदू गांव में विद्युत पोल में लगे सपोर्ट में करंट आने से एक भैंस की मौत हो गई। ये घटना बुधवार को सवेरे सात बजे भदेहदू गांव के दयाशंकर मिश्रा पुत्र मन्नूलाल मिश्रा की भतीजी गुड़िया भैंस को चराने जा रही थी। विमल सिंह के घर के पास लगे विद्युत पोल के सपोर्ट मे सींगो को रगड़ने लगी। भैंस के कोई हरकत न करने पर लोगों ने महसूस किया कि सपोर्ट में करंट है। दौड़कर भैंस को बचाने के प्रयास हुए। बचाने वालों को भी करंट के झटके लगे। कुछ देर बाद भैंस तड़प-तड़पकर मर गई। ग्रामीणों ने विद्युत पोल में करंट उतरने की सूचना पावर हाउस को दी।

## बीमा का लाभ लेने को फसलों का करायें बीमा: राजकुमार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राज कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से खरीफ 2024 फसल बीमा कराने को धान, अरहर, ज्वार, बाजरा व तिल अधिसूचित है। अधिसूचित फसलों की प्रति हेक्टेयर की दर से बीमित राशि प्रीमियम दो फीसदी किसान को देय होगी।

बुधवार को उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से ऋणी व गैर ऋणी किसानों की फसल बीमा कराने की तिथि 31 जुलाई है। अधिसूचित फसलों की बीमित राशि दो फीसदी है। किसान अधिसूचित धान फसल की बीमित राशि 67200 रुपये प्रति हेक्टेयर में किसान को 1344 रुपये, अरहर फसल की राशि प्रति हेक्टेयर 93900 रुपये किसान को दो फीसदी 1878 रुपये, ज्वार फसल की बीमित राशि 41200 रुपये किसान को दो फीसदी 824 रुपये, बाजरा फसल की बीमित राशि 36300 रुपये किसान दो फीसदी 726 रुपये, अधिसूचित फसल तिल की बीमित राशि 17600 रुपये किसान को दो फीसदी 352 रुपये देय होगी।

उन्होंने जिले के किसानों से कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसलों की क्षति को बीमा कवर देने को आधार कार्ड, बैंक खाता, खतौनी, मोबाइल नम्बर, बुवाई प्रमाण पत्र, नजदीकी जनसेवा केन्द्र, राजकीय कृषि बीज भण्डार व सम्बन्धित बैंक शाखा में देकर बोई अधिसूचित फसलों का दो फीसदी कृषक अंश प्रीमियम जमाकर फसलों का बीमा करायें। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। प्राकृतिक आपदा होने की दशा में बीमित किसान फसल क्षति की शिकायत टोल फ्री नम्बर 14447 पर करा सकते है।


उप कृषि निदेशक राज कुमार।

## अखिलेश के जन्मदिन पर पीडीए पेड़ लगाओ पखवाड़ा शुरू


पौधे लगाते सपा नेता।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री/सांसद कन्नौज अखिलेश यादव के जन्मदिन पीडीए पेड़ लगाओ पखवाड़ा के तहत सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव व पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल की अगुवाई में जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, मो गुलाब खान, महासचिव सत्यनारायण पटेल, युवा सपा नेता सूरज पटेल, कोषाध्यक्ष राजा यादव, शीलू यादव, प्रधान सुदिनपुर मनोज राजपूत, पूर्व प्रधान गया प्रसाद यादव, बूथ अध्यक्ष राजाबाबू यादव ने सुदिनपुर, रौली, पतौडा के तालाब में नीम, पीपल व बरगद के पौधे लगाये। बुधवार को जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि वे एक सप्ताह तक गांव-गांव अभियान चला रहे हैं। गांव के प्रधान व पार्टी के बूथ अध्यक्ष के सहयोग से पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी दी जा रही है, ताकि लगाये पौधे जीवित रह सकें। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा व पर्यावरण मिल सके।

## शासन के निर्देशों पर भारी- ग्राम पंचायत अधिकारी

### प्रधान की निजी फर्म को किया भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के पतौडा गांव में ग्राम पंचायत अधिकारी संगीता कुशवाहा ने मनरेगा के कार्यों में धांधली की है। प्रधान के निजी फार्म पर भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबांट किया है। पतौड़ा गौशाला टीनशेड के नीचे चहारदीवारी निर्माण में धांधली कर प्रधान चंदन सिंह यादव के निजी फर्म मे रोहित कुमार ट्रेडर्स के नाम लाखों रुपए का भुगतान किया है। प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी की मिलीभगत है।

बुधवार को ग्राम पंचायत अधिकारी संगीता कुशवाहा के गोरखधंधे का खुलासा हुआ। बताया गया कि मानकविहीन कार्य से सरकारी धन का बंदरबांट हुआ है। गौशाला की टीनशेड के नीचे चहारदीवारी निर्माण में रोहित कुमार ट्रेडर्स के नाम भुगतान हुआ है। ये फर्म प्रधान चंदन सिंह की निजी फर्म है। ग्राम पंचायत अधिकारी ने सब कुछ जानते हुए शासन के निर्देशों का उल्लंघन कर मनमानी ढंग से भुगतान किया है। मनरेगा से कराये कार्यों में ग्राम पंचायत अधिकारी ने शासन के निर्देशों का उल्लंघन कर भुगतान किया है। धौरहीमाफी गांव में ग्राम पंचायत अधिकारी संगीता कुशवाहा ने प्रधान से मिलीभगत कर अनुसूचित जाति के खेत समतलीकरण के नाम पर लाखों रुपये का बंदरबांट किया था। तकनीकी सहायक देवेंद्र सिंह ने एक ही खेत के समतलीकरण के नाम पर दो स्टीमेट बनाये थे, जबकि उस खेत का समतलीकरण नहीं हुआ था। श्रमिकों को खड़ा कर फोटो खींचने का काम हुआ था। इस खेत में मेडबंदी समतलीकरण की खबर प्रमुखता से छपने पर ग्राम पंचायत अधिकारी संगीता कुशवाहा व प्रधान तथा तकनीकी सहायक के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ था। जांच दबाने को नया खेल खेला गया। ग्राम पंचायत अधिकारी, प्रधान, तकनीकी सहायक की मिलीभगत से साढ़े तीन लाख रुपये का भुगतान हुआ था। जांच डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी ने की थी। जांच में दोषी मिलने के बाद भी ग्राम पंचायत अधिकारी संगीता कुशवाहा, प्रधान, तकनीकी सहायक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता के पूंछने पर डीडीओ ने बताया कि मामले की जांच जारी है। जल्द रिपोर्ट डीपीआरओ को सौंपी जायेगी। ग्राम पंचायत अधिकारी संगीता कुशवाहा पर कार्यवाही होगी। दो-तीन वर्ष बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे बुलंद हौसलों से ग्राम पंचायत अधिकारी संगीता कुशवाहा आज भी मनमानी कर रही हैं। मानिकपुर ब्लाक के ब्यूर गांव में चकबंध निर्माण में प्रधान की जानकारी बिना ग्राम पंचायत अधिकारी संगीता कुशवाहा ने भुगतान किया था। इस कार्य का स्टीमेट अजय ट्रेडर्स के नाम बना था। ग्राम पंचायत अधिकारी ने मेसर्स पालेश्वरनाथ ट्रेडर्स के नाम भुगतान किया था। प्रधान ने सीडीओ को पत्र देकर जांच की मांग की थी। बीडीओ मानिकपुर व अन्य अधिकारियों ने मामले को दबा दिया है। इस बाबत उपायुक्त श्रम रोजगार ने ग्राम पंचायत अधिकारी संगीता कुशवाहा पर कार्यवाही को कहा है।

## पालिका की अदूरदर्शिता से आबादी में बना कचरा घर

**चित्रकूट।** घनी आबादी क्षेत्र समेत दो शिक्षण संस्थानों व जिला पंचायत कार्यालय रोड पर नगर पालिका ने सड़क में कचरा फेंकने का अड्डा बनाकर बीमारियों को दावत दे रहा है। बुधवार को नगर पालिका की अदूरदर्शिता उजागर हुई। बताया गया कि जिला पंचायत कार्यालय के सामने नगर पालिका ने कचरा घर बना दिया है। इस मार्ग पर एलआईसी कार्यालय होने के बाद केंद्रीय विद्यालय व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भी हैं। बाजार व अन्य सरकारी दफ्तर हैं। ऐसे में घनी आबादी व शिक्षण संस्थानों के बीच नगर पालिका के फेंके जा रहे कचरे से लोगों को बीमारियां हो रही हैं। जिला पंचायत कार्यालय के सामने कचरा घर से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। लोगों ने कहा कि कचरा घर न बनने को लेकर नगर पालिका के तमाम चक्कर लगाये, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। नतीजतन अब लोग विभिन्न संक्रामक रोगों की चपेट में आ रहे हैं। ये नगर पालिका की अदूरदर्शिता नहीं तो क्या है।

## डीएम से भेंटकर भाकियू ने उठाई समस्यायें

### सीडीओ ने नहीं किये वायदे पूरे, डीएचओ नहीं आती कार्यालय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी शिवशरणअप्पा जीएन से भेंटकर किसानों की ओर से अभिनन्दन करते हुए किसान समस्याओं पर चर्चा की।

बुधवार को जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने डीएम से कहा कि किसान दिवस पर सीडीओ अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कहा था कि एक जुलाई तक जिले की सभी गौशालायें शुरू हो जायेंगी। अभी तक गौशाला में जानवर संरक्षित नहीं हुए। किसान धान की बेड की तैयारी में हैं। दलहन-तिलहन की फसलों का समय निकलने तक जानवरों को संरक्षित कराने में जिला प्रशासन विफल रहता है। किसानों की लागत नहीं निकल पाती। धान, ज्वार, अरहर, तिल, सांवा, काकुन आदि फसलों का सही उत्पादन किसान को नहीं मिल पाता। सीडीओ के किसानों से किये वायदे पूरा नहीं हुआ। सीडीओ का फरमान हवा-हवाई हो गया। किसान जानवरों को लेकर भारी चिंता में है कि फसल बच पाएगी या नही। किसानों की समस्याओं को लेकर प्रतिनिधि मंडल जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय गया। किसानों ने बताया कि जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय नहीं आती। आवास से ही कार्य करती हैं। किसान समस्याओं को लेकर लिपिकों के चक्कर लगाते हैं। किसान जसवंत चैहान ने कहा कि एक साल से फाइल जमा हैं, अभी तक सिंचाई को पाइप नहीं मिले। किसान को बार-बार गुमराह किया जा रहा है। जून के पहले सप्ताह में विभाग को प्याज का बीज मिल गया है। अभी तक किसानों को बांटे नहीं गये। जबकि प्याज की बेड लगाने का समय चल रहा है। जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय से प्रतिनिधि मंडल ने सम्पर्क करना चाहा, फोन नहीं उठा। कुछ किसानों ने बताया कि जिला उद्यान अधिकारी के पति आते हैं। ऑफिस मनमानी ढंग से चला रहे हैं। अक्सर ऑफिस से नदारद रहने वाली जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय की जल्द पोल खोलेगा।

इस मौके पर जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय, सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, विनय त्रिपाठी, नीलकंठ द्विवेदी, नरेश सिंह, जसवंत सिंह चैहान, विजय त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।


डीएम को ज्ञापन देते भाकियू।

## हाथरस हादसे पर भाकपा ने जताया गहरा दुख

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य/जिला सचिव का अमित यादव एड ने हाथरस जिले के सिकन्दरा राऊ के मुगलगडी गांव में भोले बाबा के सत्संग में हुयी भगदड़ में 121 लोगों की मौत पर गहरा दुख जताया है। मृतकों में महिलायें व बच्चे अधिक हैं। मृतकों की तादाद का आंकलन कठिन है। घटना स्थल पर हाथरस व एटा जिला अस्पताल तथा अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में हाहाकार मचा है। बुधवार को भाकपा जिला सचिव का अमित यादव ने कहा कि ये पूरा मामला शासन की अदूरदर्शिता व प्रशासन की असफलता का द्योतक है। भाकपा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से जांच की मांग करती है। मृतक व घायल गरीब तबके के हैं। मृतक परिवारों को उचित धनराशि व घायलों के इलाज का निर्वहन सरकार करे। हर मृतक का शव परिजनों को मिले, इसकी गारंटी दी जाये। इधर-उधर भटक रहे सत्संगियों को घर तक पहुंचाया जाये।

## 12 किलो गांजा समेत अन्तर्राज्जीय तस्कर दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर को दबोच 12 किलो गांजा बरामद किया। बुधवार को कोतवाली कर्वी में तैनात दरोगा श्यामदेव सिंह की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन व ओवरब्रिज के बीच रोहित कुमार द्विवेदी पुत्र श्रवण कुमार बेर्राव बबेरू बांदा के कब्जे से 12 किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया। सख्ती से पूंछतांछ में आरोपी ने बताया कि वह ये गांजा रायपुर छत्तीसगढ़ से लाया है। बेतवा एक्सप्रेस ट्रेन से कर्वी रेलवे स्टेशन आया है। गांजे को चित्रकूट, बांदा, कौशाम्बी व फतेहपुर में सप्लाई करता है। बरामद गांजे की कीमत एक लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। उसके खिलाफ कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा श्यामदेव सिंह, दरोगा यूटी नीरज कुमार व सिपाही विवेक राजा शामिल रहे।

## जल्द बनेगी देवांगना आवासीय कालोनी: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की 23वीं बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने चित्रकूट महायोजना 2031 पर चर्चा बाद नये भू उपयोगों बाबत जनता से आपत्ति/सुझाव मांगने के निर्देश दिये हैं।

बुधवार को कलेक्टेड्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने शासन से भवन निर्माण व विकास उपविधि 2008 में किये संशोधनों को अंगीकार किया। संशोधनों से पेट्रोल पम्प, अतिथि गृह, ग्रुप हाउसिंग, विद्युत वाहन चार्जिंग केन्द्र आदि की सुगमता से स्थापना हो सकेगी। उपविधि बाबत जानकारी प्राधिकरण कार्यालय से ले सकते हैं। देवांगना नगर आवासीय कालोनी स्थापना में जल्द कार्यवाही के निर्देश दिये। बैठक में सचिव/अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, सहयुक्त नियोजक झांसी अशोक कुमार, क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा, एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खंड सत्येंद्र नाथ, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, एक्सईएन सिंचाई, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।


बैठक में निर्देश देते डीएम।

## डीएम ने एयरपोर्ट देख ली फ्लाइट संचालन की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने देवांगना स्थित हवाई अड्डा का निरीक्षण कर टर्मिनल बिल्डिंग, छोटे रनवे, बड़े रनवे, फायर स्टेशन, फिलिंग स्टेशन के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निदेशक एयरपोर्ट अथॉरिटी से कहा कि जो नये रनवे व नई टर्मिनल बिल्डिंग तथा नये रनवे के सिविल वर्क के कार्य शेष हैं, तेजी से करायें।

बुधवार को डीएम ने हवाई अड्डे का निरीक्षण कर कहा कि जो नये कार्य कराने हैं, उनके प्रस्ताव शासन को भेजकर मंजूर करायें। डीएम ने एडीएम एफआर व एसडीएम सदर से कहा कि नये रनवे को नई टर्मिनल बिल्डिंग निर्माण व फिलिंग स्टेशन निर्माण को भूमि चिन्हित करनी है, निरीक्षण कर चिन्हित कराकर एयरपोर्ट अथॉरिटी को दें। डीएम ने निदेशक एयरपोर्ट से फ्लाइट संचालन बाबत जानकारी ली। निदेशक एयरपोर्ट ने बताया कि सप्ताह में तीन दिन फ्लाइट का संचालन हो रहा है। डीएम ने राइट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि हवाई अड्डा के जो कार्य शेष हैं, तत्काल शासन की मंशानुसार पूरे करायें। निरीक्षण में एडीएम उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम सौरभ यादव, निदेशक एयरपोर्ट अथॉरिटी विनय गंगेले आदि मौजूद रहे।


एयरपोर्ट का निरीक्षण करते डीएम आदि।

## कामतानाथ दर्शन कर लौट रहे कार सवार युवकों की हुई मौत

**पहाडी/चित्रकूट।** फतेहपुर से दो युवक भगवान कामतानाथ के दर्शन कर रात दो बजे कार से घर जा रहे थे। अर्जुनपुर गांव के पास चारपहिया वाहन बेकाबू होकर पेड़ से टकराने पर दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। ये हादसा मंगलवार की रात दो बजे हुआ। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक राजापुर पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। मशक्कत से दोनों अज्ञात शव को निकाल कर मर्चरी में पहचान को रखवाया। फतेहपुर के रावेंद्र पाल (26) पुत्र बरमकिंकर संग्रामपुर खागा फतेहपुर व मोनू (25) पुत्र दुर्गा सितलूपुर खखरेडू फतेहपुर चारपहिया वाहन से कामतानाथ के दर्शन को आये थे। लौटते समय रात दो बजे चारपहिया वाहन बेकाबू होकर अर्जुनपुर के पास पेड़ से टकरा गया।

# विदेश संदेश

## नेपाल में सत्ता गठबंधन टूटने के बाद प्रधानमंत्री प्रचंड पर इस्तीफे का दबाव बढ़ा

**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता गठबंधन टूटने और नए राजनीतिक समीकरण बनने के बाद प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड पर इस्तीफे का दबाव बढ़ गया है। लगभग सभी विपक्षी दलों ने उनसे तत्काल इस्तीफा देने को कहा है, इसलिए उनके इस्तीफे पर सबकी निगाहें टिकी है।
संसद में बहुमत खोने पर लगातार पद छोड़ने का दबाब बढ़ने के बाद अब प्रधानमंत्री के पास इस्तीफे के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है। प्रचंड की निजी सचिव समेत रही उनकी बेटी गंगा दाहाल ने बताया कि प्रधानमंत्री 7 जुलाई को प्रतिनिधि सभा में अपना संबोधन देने के बाद अपने पद से इस्तीफा देने वाले हैं।
इधर, नए समीकरण बनने के बाद नेपाली कांग्रेस और नेकपा एमाले ने अपनी-अपनी पार्टी की बैठक के बाद प्रधानमंत्री से इस्तीफा देने की मांग की है। इन दोनों दलों ने बिना देरी किए ही प्रधानमंत्री को पद छोड़ने के लिए कहा है। अब तक सरकार में रही नेकपा एमाले ने आज शाम को अपने मंत्रियों से सामूहिक इस्तीफा देने को कहा है। एमाले आज ही सरकार से अपना समर्थन वापस लेने की घोषणा भी करने वाली है।

## अमेरिका में भारतीय अमेरिकी डॉक्टर पर स्वास्थ्य सेवा में धोखाधड़ी का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शिकागो में 51 वर्षीय एक भारतीय मूल की अमेरिकी चिकित्सक पर स्वास्थ्य सेवा में धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। महिला चिकित्सक पर गैर-मौजूद सेवाओं के इलाज करने और और निजी बीमा कंपनियों को बिल भेजकर संघीय स्वास्थ्य सेवा धोखाधड़ी का अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।
मोना घोष प्रसूति एवं स्त्री रोग सेवाओं में विशेषज्ञता रखने वाले प्रोग्रेसिव वूमेन हेल्थकेयर की मालिक और संचालक हैं। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के दो मामलों में अपना दोष स्वीकार किया है। प्रत्येक मामले में संघीय जेल में दस साल तक की सजा हो सकती है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश फ्रैंकलिन यू वाल्डेरामा ने सजा सुनाने के लिए 22 अक्टूबर की तारीख तय की है।

## हिजबुल्ला ने कहा, गाजा में संघर्ष विराम के बाद इजराइल से जंग रोक देंगे

**बेरूत।** लेबनान-इजराइल सीमा पर जारी संघर्ष को लेकर लेबनानी चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के उपनेता ने मंगलवार को कहा कि गाजा में पूर्ण संघर्ष विराम के बाद उनका समूह भी जंग रोक देगा।
हिजबुल्ला के उपनेता शेख नईम कासिम ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में समूह के राजनीतिक कार्यालय में एक साक्षात्कार में कहा, अगर गाजा में संघर्ष विराम होता है तो हम बिना किसी चर्चा के युद्ध रोक देंगे।
कासिम ने कहा कि इजराइल-हमास युद्ध में हिजबुल्ला की भागीदारी उसके सहयोगी हमास के लिए एक समर्थक मोर्चे के रूप में रही है और अगर युद्ध रुक जाता है तो सैन्य समर्थन भी नहीं रहेगा। उन्होंने कहा लेकिन अगर इजराइल बिना किसी औपचारिक युद्ध विराम समझौते के गाजा से अपनी पूरी की पूरी सेना वापस बुला लेता है तो लेबनान-इजराइल पर जारी संघर्ष की जटिलताएं बरकरार रह सकती हैं।
कासिम ने कहा, अगर गाजा में संघर्ष विराम होने या फिर नहीं होने, युद्ध और युद्ध नहीं होने को लेकर मिलीजुली चीजें रहती हैं तो हम उस पर अभी कोई जवाब नहीं दे सकते (कि हम क्या प्रतिक्रिया देंगे) क्योंकि हम इसके स्वरूप, इसके परिणामों, इसके प्रभावों को नहीं जानते हैं।

## ब्रिटेन आम चुनाव : क्या लेबर पार्टी ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी पर भारी पड़ रही ?

**लंदन:** ब्रिटन में गुरुवार को आम चुनाव होंगे. प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक ने प्रचार अभियान के दौरान पिछले कुछ हफ्तों में हजारों मील की यात्रा की. लेकिन फिर भी उनकी पार्टी के जीतने की संभावना बहुत कम दिख रही है. आम चुनाव में ब्रिटेन के मतदाता पीएम सुनक के 20 महीने के कार्यकाल और उनसे पहले कंजर्वेटिव पार्टी के चार प्रधानमंत्रियों के कामकाज पर अपने फैसला सुनाएंगे. सर्वेक्षणों में लेबर पार्टी की सरकार बनने की भविष्यवाणी की गई है, जो 2005 से सत्ता से बाहर है.
पीएम सुनक ने प्रचार अभियान के अंतिम दो दिनों के दौरान खाद्य वितरण गोदाम, सुपरमार्केट, खेत और अन्य जगहों का दौरा किया और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस चुनाव का परिणाम अभी तय नहीं है. अक्टूबर 2022 में ब्रिटिश पीएम का पद संभालने वाले सुनक ने कहा कि लोग देख सकते हैं कि हम सबसे कठिन दौरे से आगे निकल चुके हैं. हमारे लिए पिछले कुछ साल मुश्किल रहे हैं, लेकिन निस्संदेह अब चीजें पहले से बेहतर स्थिति में हैं.
पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार रात को कंजर्वेटिव पार्टी की रैली को संबोधित किया, लेकिन अंतिम समय में किया गया उनका यह संबोधन भी पार्टी का हौसला नहीं बढ़ा पाया. कंजर्वेटिव पार्टी की कैबिनेट मंत्री मेल स्ट्राइड ने बुधवार को कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि लेबर पार्टी एकतरफा जीत की ओर बढ़ रही है.
वहीं, सभी सर्वेक्षणों में जीत की भविष्यवाणी के बाद भी लेबर पार्टी चुनाव को लेकर पूरी तरह चौकन्नी है. पार्टी ने अपने समर्थकों से चुनाव परिणाम आने तक संघर्ष जारी रखने और ओपिनिय पोल के नतीजों को लेकर आत्मसंतुष्ट न होने का आग्रह किया है. लेबर पार्टी के नेता कीर स्टारमर ने छह सप्ताह के प्रचार अभियान में मतदाताओं से अपनी वामपंथी पार्टी को एक मौका देने और बदलाव के लिए वोट करने का आग्रह किया. राजनीतिक विश्लेषकों और नेताओं सहित अधिकांश लोगों को उम्मीद है कि ब्रिटेन की जनता इस बार बदलाव के वोट करेगी.
लेबर पार्टी ने ब्रिटेन की सुस्त अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, बुनियादी ढांचे में निवेश करने और ब्रिटेन को स्वच्छ ऊर्जा महाशक्ति बनाने का वादा किया है. पार्टी ने अपने वादों से लोगों के साथ साथ व्यापारिक समुदाय के बड़े हिस्से का समर्थन जीता है. लेबर पार्टी को इस चुनाव में रूपर्ट मर्डोक के स्वामित्व वाले संडे टाइम्स सहित ब्रिटेन के रूढ़िवादी समाचार पत्रों से भी समर्थन प्राप्त है. लेबर पार्टी के पूर्व नेता और हाउ लेबर विन्स पुस्तक के लेखक डगलस बीट्टी ने कहा कि स्टारमर की दृढ़ता इस समय देश के मूड से मेल खाती है. उन्होंने कहा कि देश नए विचारों की तलाश कर रहा है और एक थकी हुई और विभाजित सरकार से छुटकारा पाना चाहता है, इसलिए लेबर पार्टी आगे बढ़ रही है.
इस बीच, कंजर्वेटिव पार्टी को कई गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा है. 22 मई को लंदन के 10 डाउनिंग स्ट्रीट (प्रधानमंत्री कार्यालय) के बाहर बारिश में भीगते हुए पीएम सुनक ने आम चुनाव की घोषणा की थी, जो पार्टी के लिए अशुभ मानी जा रही है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## दुबई की हिंदी साहित्यकार डॉ आरती लोकेश को यूएई सरकार ने दिया गोल्डन वीजा



**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सरकार ने हिंदी की 21 पुस्तकों की लेखक डॉ. आरती लोकेश को गोल्डन वीजा दिया है। यूएई में हिंदी साहित्य की सेवा के लिए दुबई के सांस्कृतिक मंत्रालय ने डॉ आरती को जीनियसेस ऑफ टेलेंट(विलक्षण प्रतिभा) की श्रेणी में रखकर गोल्डन वीजा देने के लिए अनुशंसित किया था। भारतवासी डॉ आरती गाजियाबाद की रहने वाली हैं और पिछले ढाई दशक से दुबई में शिक्षण कार्य कर रही हैं। डॉ आरती के साहित्य में यूएई की समृद्ध और सशक्त संस्कृति के साथ भारतीय संस्कृति की झलक भी मिलती है। उनकी अनेक कहानियां यूएई की भूमि पर रची गई हैं। उनका उपन्यास निर्जल सरसिज का कथानक तो यूएई में ही घटित होता है। यूएई के राष्ट्रीय वृक्ष गाफ (खेजड़ी) पर रची गई उनकी कविता मरुस्थल का राजा कई विद्यालयों में आयोजित गाफ जागरुकता कार्यक्रम के दौरान सिखाई व सुनाई गई।
गोल्डन वीजा मिलने पर डॉ. आरती ने यूएई सरकार और निवासियों के साथ यहां के उदार शासक को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दूरदृष्टा शासकों का यह उपक्रम कला, प्रतिभा और संस्कृति को निखारने, संवारने व संभालने की नीयत और उनके अभियान को दशार्ता है। डॉ. आरती ने कहा कि सरकार का यह कदम बहुगुणित होकर अन्य आकांक्षी रचनाकारों को साहित्य-पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित करेगा।
डॉ आरती को गोल्डन वीजा मिलने पर दुबई की कीर्तन साहित्य सभा के संस्थापक व सीए डॉ साहित्य चतुर्वेदी ने कहा कि डॉ आरती दुबई में हिंदी साहित्य की एक उभरती साहित्यकार हैं, जिन्होंने एक इंटरमीडिएट स्कूल में कार्यरत रहते हुए बहुत कम समय में अपना मुकाम बनाया है। डॉ साहित्य ने कहा कि मरुस्थल क्षेत्र और अहिंदीभाषी लोगों के बीच रहकर हिंदी साहित्य का सृजन करना महत्वपूर्ण है। डॉ आरती को गोल्डन वीजा देने के लिए मैं भारतीय दूतावास और यूएई सरकार को धन्यवाद देता हूं। यूएई ने चार वर्ष पहले ही गोल्डन वीजा देने का प्रावधान शुरू किया है। यह वीजा मात्र नहीं है, यह एक अलंकरण है, जो संभवता पहली बार यूएई सरकार ने किसी हिंदी साहित्यकार का दिया है।
डॉ आरती को गोल्डन वीजा मिलने पर पूरे यूएई में हिन्दी साहित्य की सेवा करने वालों में हर्ष की लहर है। डॉ आरती पूरे यूएई के हिंदी के युवा रचनाकारों और लेखकों का मार्गदर्शन भी करती हैं। अब लगभग 70 से अधिक सम्मान व प्रशस्ति पाने वाली डॉ आरती को वर्ष 2023 में प्रतिष्ठित आप्रवासी भारतीय साहित्य सृजन सम्मान से भी नवाजा जा चुका है।

## आलिया नीलम होंगी लाहौर हाई कोर्ट की पहली महिला चीफ जस्टिस



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लाहौर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर पहली बार कोई महिला आसीन होने जा रही है। पाकिस्तान के न्यायिक आयोग (जेसीपी) ने मंगलवार को सर्वसम्मति से जस्टिस आलिया नीलम की पदोन्नति को मंजूरी दी। इसी के साथ आलिया नीलम लाहौर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर पहुंचने वाली पहली महिला के रूप में इतिहास रचने के लिए तैयार हैं।
पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली जेसीपी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश शुजात अली खान और न्यायमूर्ति अली बकर नजफी सहित लाहौर हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश के पद के लिए तीन न्यायाधीशों के नामांकन पर विचार करने के बाद उनकी पदोन्नति को मंजूरी दी।
जेसीपी ने सर्वसम्मति से जस्टिस अकील अहमद अब्बासी की सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नति से रिक्त हुई सीट को भरने के लिए न्यायमूर्ति शफी सिद्दीकी को सिंध उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की भी सिफारिश की।
7 जून को न्यायमूर्ति मलिक शहजाद अहमद खान की सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नति के बाद एलएचसी मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय खाली हो गया, जिसके बाद न्यायमूर्ति शुजात अली खान को एलएचसी के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया।
न्यायमूर्ति आलिया नीलम एलएचसी के न्यायाधीशों की वरिष्ठता सूची में तीसरे स्थान पर हैं। 7 जून की बैठक के दौरान जेसीपी ने एलएचसी मुख्य न्यायाधीश के पद के लिए उनके नामांकन पर विचार करने का निर्णय लिया था। एक ऐतिहासिक मील के पत्थर में, न्यायमूर्ति सैयदा ताहिरा सफदर न्यायमूर्ति मोहम्मद नूर मुस्कानजई की सेवानिवृत्ति के बाद 2018 में बलूचिस्तान उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश का पद संभालने वाली पहली महिला बनीं। इसके बाद एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई जब जस्टिस आयशा ए मलिक 2021 में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त होने वाली पहली महिला जज बनीं।

## अस्ताना में जयशंकर ने लावरोव से की मुलाकात, युद्ध क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया



**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता की. इस दौरान उन्होंने युद्ध क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों का मुद्दा उठाया. जयशंकर एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए मंगलवार को अस्ताना पहुंचे.
जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज अस्ताना में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर अच्छा लगा. हमारी द्विपक्षीय साझेदारी और समकालीन मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई. दिसंबर 2023 में हमारी पिछली बैठक के बाद से कई क्षेत्रों में हुई प्रगति पर चर्चा हुई. उन्होंने आगे लिखा कि बैठक के दौरान युद्ध क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों के बारे में अपनी गहरी चिंता जताई. उनकी सुरक्षित और शीघ्र वापसी के लिए दबाव डाला. वैश्विक रणनीतिक परिदृश्य पर भी चर्चा की और आकलन और विचारों का आदान-प्रदान किया.
यूक्रेन युद्ध के बाद से ही भारत रूस से आग्रह कर रहा है कि वह रूसी सेना में कार्यरत भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और स्वदेश वापसी सुनिश्चित करे. रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन युद्ध के बाद लगभग 200 भारतीय नागरिकों को रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के रूप में भर्ती किया गया था. विदेश मंत्रालय ने पहले पुष्टि की थी कि युद्ध क्षेत्र में चार भारतीय नागरिकों की मौत हुई थी, जो रूसी सेना से जुड़े थे. भारत-रूस विदेश मंत्रियों के बीच यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस सप्ताह निर्धारित मॉस्को यात्रा से पहले हुई है. मॉस्को यात्रा पर पीएम मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे.
इससे पहले, मंगलवार को जयशंकर ने कजाखिस्तान के उप प्रधानमंत्री मूरत नूरटलू से मुलाकात की और रणनीतिक साझेदारी के विस्तार और विभिन्न प्रारूपों में मध्य एशिया के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की. उन्होंने नूरटलू के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया. नूरटलू कजाकिस्तान के विदेश मंत्री का पद भी संभाल रहे हैं.

**8 जुलाई को मॉस्को जाएंगे पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री मोदी का 8 जुलाई को मॉस्को जाने का कार्यक्रम है. अपनी यात्रा के दौरान वह मॉस्को और नई दिल्ली के बीच संबंधों को मजबूत करने के साथ रक्षा, तेल, गैस और आपसी हितों के अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे. पीएम मोदी इससे पहले जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली की यात्रा की थी. प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल में उनकी यह पहली विदेश यात्री थी. पीएम मोदी की रूस यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच हो रही है और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव भी नजदीक हैं.

## यूएस प्रेसिडेंशियल डिबेट : बाइडेन ने माना, ट्रंप के साथ बहस के दौरान वह लगभग सो गए थे

**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को स्वीकार किया कि 27 जून की राष्ट्रपति पद की बहस के दौरान उनका प्रदर्शन उनका सर्वश्रेष्ठ नहीं था, लेकिन उन्होंने इसके लिए जून की शुरूआत में दो विदेश यात्राओं के बाद जेट लैग को जिम्मेदार ठहराया. पिछले सप्ताह की बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन को 2024 के अपने चुनाव अभियान के बारे में सवालों का सामना करना पड़ रहा है. मंगलवार को प्रतिनिधि सभा के एक साथी डेमोक्रेट ने सार्वजनिक रूप से उनसे राष्ट्रपति के रेस से हटने का आह्वान किया. मंगलवार शाम को वर्जीनिया के मैकलीन में एक अभियान कार्यक्रम में बोलते हुए, बाइडेन ने स्वीकार किया कि उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बहस अच्छी नहीं रही. बाइडेन ने चुनाव अभियान के लिए धन उगाहने वाले कार्यक्रम में टेलीप्रॉम्प्टर की सहायता के बिना बोलते हुए कहा कि मेरी रात अच्छी नहीं रही, लेकिन सच्चाई यह है कि आप जानते हैं, मैंने बहस से पहले दुनिया भर में दो बार यात्रा करने का फैसला किया, लगभग 100 टाइम जोन से गुजरा. उन्होंने कहा कि मैंने अपने स्टाफ की बात नहीं सुनी और मंच पर ही सो गया. यह कोई बहाना नहीं है, लेकिन यह एक स्पष्टीकरण है. उन्होंने बार-बार उन पत्रकारों की आलोचना की है जिन्होंने यह मुद्दा उठाया कि मतदाताओं के बड़े बहुमत का मानना?है कि बाइडेन राष्ट्रपति बनने के लिए बहुत बूढ़े हैं. हालांकि, बाइडेन और ट्रंप की उस बहस जिसे लगभग 51 मिलियन लोगों ने देखा, ने मतदाताओं और कई डेमोक्रेटिक कार्यकताओं के बीच गंभीर संदेह पैदा कर दिया.


## नेपाल : एमाले के सभी मंत्रियों ने दिया इस्तीफा, समर्थन वापसी की घोषणा

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की सरकार में शामिल नेपाल कम्यूनिष्ट पार्टी (नेकपा) एमाले के सभी मंत्रियों ने आज सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। नेकपा एमाले पार्टी की सचिवालय की आज बुधवार को हुई बैठक में प्रचण्ड सरकार से समर्थन वापस लेने का निर्णय किया है। समर्थन वापसी के इस निर्णय की जानकारी आज ही स्पीकर देवराज घिमिरे को दे दी गई है। पार्टी बैठक के बाद एमाले के सचिव योगेश भट्टराई ने कहा कि प्रचण्ड सरकार से समर्थन वापस लेने का फैसला किया गया है। इसकी औपचारिक जानकारी स्पीकर को आज ही दे दी गई है और राष्ट्रपति को समर्थन वापसी का पत्र कल सौंपा जाएगा। पार्टी बैठक के बाद एमाले पार्टी के तरफ से सरसार में शामिल सभी मंत्रियों ने आज अपना सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। प्रधानमंत्री निवास पहुंचकर एमाले के मंत्रियों ने अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने इन सभी मंत्रियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। सरकार से समर्थन वापस लेने और मंत्रियों का इस्तीफा देने के साथ ही प्रधानमंत्री पर पद छोडने का दबाब और अधिक बढ गया है।

## नेपाल में कांग्रेस-एमाले गठबंधन सरकार बनाने के करीब, प्रचंड पड़े अकेले

**काठमांडू।** नेपाल में कांग्रेस-एमाले गठबंधन सरकार बनाने के करीब पहुंच गया। इस गठबंधन ने दो तिहाई सांसदों का समर्थन हासिल कर लिया है। प्रचंड का धीरे-धीरे सभी दल साथ छोड़ रहे हैं। एक तरह से वह अकेले पड़ गए हैं। कांग्रेस-एमाले गठबंधन की कल हुई बैठक में कुछ अन्य दलों का भी समर्थन मिल गया है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा के निवास पर हुई बैठक में ओली के नेतृत्व में बनने वाली नई सरकार को राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी, जनमत पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी तथा नागरिक उनमुक्ति पार्टी ने भी समर्थन दे दिया है। 88 सांसदों वाली नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बनने जा रहे केपी ओली की पार्टी के पास 78 सांसद हैं। उन्हें राप्रापा के 14, जसपा के 12, जनमत के 6, लोसपा के 4 और उन्मुक्ति पार्टी के 4 सांसदों का समर्थन हासिल है। 275 सांसद वाली प्रतिनिधि सभा में बहुमत के लिए 138 सांसद ही चाहिए। ओली का समर्थन करने वाले सांसदों की संख्या 206 हो गई है। यह संख्या संविधान संशोधन के लिए आवश्यक दो तिहाई (184) सांसदों से अधिक है।

## हाथरस त्रासदी : पुतिन ने राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम मोदी को भेजा शोक संदेश, जताई संवेदना



**मॉस्को :** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में भगदड़ के दौरान बड़ी संख्या में हुई मौतों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शोक संदेश भेज कर संवेदना जताई है. पुतिन ने अपने शोक संदेश में कहा, सम्माननीय राष्ट्रपति महोदया, सम्माननीय प्रधानमंत्री महोदय, कृपया उत्तर प्रदेश में हुई दुखद दुर्घटना पर हार्दिक संवेदना स्वीकार करें. कृपया मेरी ओर से मृतकों के परिजनों के प्रति सहानुभूति और समर्थन व्यक्त करें और सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करें.
रूसी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने के लिए पीएम मोदी के अगले सप्ताह मॉस्को जाने की उम्मीद है. क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और जल्द ही तारीखों की घोषणा की जाएगी. पेसकोव के हवाले से स्थानीय मीडिया कहा, हम अपने भारतीय मित्रों के साथ समझौते के अनुसार इस यात्रा की आधिकारिक घोषणा जल्द ही करेंगे. मैं एक बार फिर कहना चाहता हूं कि यात्रा की तैयारी अंतिम चरण में है.
रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रेस सचिव ने भी कहा कि पीएम मोदी की यात्रा आठ जुलाई के आसपास होने की उम्मीद है. न्यूयॉर्क में, रूस ने सोमवार को जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मासिक अध्यक्षता संभाली, तो उसके स्थायी प्रतिनिधि वसीली नेबेंजिया ने भारत व रूस के बीच विशेष विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी पर प्रकाश डाला और कहा कि पीएम मोदी की मॉस्को यात्रा से गंभीर संदेश निकलेंगे.
उन्होंने संवाददाताओं से कहा, भारत रूस का पुराना मित्र है. हम कई क्षेत्रों में सहयोग करते हैं, और मुझे लगता है कि उन मुद्दों पर ठोस बातचीत होगी. रूसी राजनयिक ने कहा, मुझे यकीन है कि पीएम मोदी की रूस यात्रा से सार्थक परिणाम सामने आएगा व रूस-भारत संबंध और मजबूत होगा. प्रधानमंत्री मोदी ने पिछली बार सितंबर 2019 में व्लादिवोस्तोक में 5वें पूर्वी आर्थिक शिखर सम्मेलन के दौरान आयोजित 20वें भारत-रूस द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए रूस का दौरा किया था. यह यात्रा भारत की दृष्टि से गेम-चेंजर साबित हुई. इसने तेल, गैस, सड़क परिवहन, रक्षा, व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में रूस के साथ भारत के और गहरे संबंधों का मार्ग प्रशस्त किया. इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 में मास्को की आधिकारिक यात्रा की थी.

## भारतीय सोशल मीडिया मंच कू होगा बंद, संस्थापकों ने कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) को एक समय टक्कर देने वाला भारतीय सोशल मीडिया मंच कू अब बंद होने जा रहा है। इसके सह-संस्थापकों ने बुधवार को लिंक्डइन पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। वित्तीय संकट से जूझ रही सोशल मीडिया मंच कू एप सह-संस्थापक ने इस कड़े फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए एक भावुक नोट लिखा है और इसे अलविदा कहा। इसके सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिदावतका ने ऐलान किया है कि कू प्लेटफॉम जनता के लिए अपनी सेवाएं बंद कर देगा।उन्होंने कहा कि कई बड़ी इंटरनेट कंपनियों, समूहों और मीडिया घरानों के साथ साझेदारी के लिए बातचीत से वांछित परिणाम नहीं निकले। दोनों ने आगे कहा, छोटी पीली चिड़िया अंतिम अलविदा कहती है। भारत में कू मंच की लोकप्रियता 2021 के आसपास अपने चरम पर थी।